26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 27 जुलाई , 2026
अंक- 273 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पेपर लीक से जुड़ा परीक्षा संशोधन बिल लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पेपर लीक से जुड़ा लोक परीक्षा संशोधन बिल आज लोकसभा में पेश किया। इस दौरान ध्वनि मत से बिल पेश करने के लिए वोटिंग कराई गई। इस बीच विपक्षी सांसदों ने 'मोदी-शाह छात्रों से माफी मांगें' के नारे लगाए। संसद में लगातार हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही

### छात्रों से मारपीट के मुद्दे पर विपक्ष चर्चा पर अड़ा

विपक्ष के शोर-शराबे के कारण करीब 5 मिनट के भीतर ही दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। उधर, पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद संसद पहुंचे। एनडीए सांसदों ने उन्हें शॉल और मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया और संसद भवन के अंदर तक ले गए। सांसदों ने 'धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद' के नारे भी लगाए। प्रधान ने नीट पेपर लीक विवाद के बीच 25 जुलाई को इस्तीफा दिया था। वहीं विपक्ष ने संसद के बाहर मकर द्वार पर भी प्रदर्शन किया। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता सरकार से नीट पेपर लीक और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार से जवाब देने की मांग कर रहे है।

# ..और अब मैदान में 'E20 जनता पार्टी'

## सोशल मीडिया पर जुड़े हजारों लोग

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** नीट परीक्षा पेपर लीक और सीजेआई सूर्यकांत के बयान के बाद कॉकरोच जनता पार्टी का गठन हुआ था। फिर जंतर-मंतर पर सीजेपी समर्थकों की तरफ से प्रदर्शन शुरू किया गया, जो एक महीने से ज्यादा वक्त तक चला। फिर 25 जुलाई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपना इस्तीफा सौंपा। इसके साथ ही केंद्र सरकार के सीजेपी की बाकी मांगों को माना, जिसके बाद इस प्रदर्शन को खत्म करने की घोषणा की गई। अब एक नए सोशल मीडिया कैंपेन ने सुर्खियां बटोरी है। ई-20 जनता पार्टी के नाम से बने इस कैंपेन के सोशल मीडिया एक्स पर 30 हजार से ज्यादा फॉलोवर्स हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर ये आंकड़ा अभी एक हजार के करीब पहुंच रहा है। एक्स पर पार्टी के एक पोस्ट में लिखा गया- क्या हम सिर्फ ईंधन इस्तेमाल करने वाले लोग हैं, या हम जागरूक नागरिक हैं जिन्हें सवाल पूछने का अधिकार है? इथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर पूरे देश में बड़े पैमाने पर चर्चा हो रही है और अलग-अलग दावे और नजरिए सामने आ रहे हैं। ऐसे में, हर नागरिक और हर गाड़ी मालिक को साफ, पारदर्शी और सबूतों पर आधारित जानकारी मिलनी चाहिए। पोस्ट में आगे लिखा गया- किसी सरकारी नीति के बारे में सवाल पूछने का मतलब उसका विरोध करना नहीं है। लोकतंत्र में सवाल पूछना एक बुनियादी अधिकार है और यह एक जागरूक समाज की निशानी है। अगर कोई नीति सच में जनहित में है, तो उसे जनता की पड़ताल पर खरा उतरना चाहिए। आइए, हम अपनी राय जानकारी और सबूतों के आधार पर बनाएं - न कि अंदाजों या भावनाओं के आधार पर। जानकारी रखें। सवाल पूछें। जवाब मांगें। यही हर जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है।

**प्लॉट बिकाऊ है**

किरतपुर में एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 160 गज ( 30X47.5 ) का एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें

मो. 9627680957

## हापुड़ में हुए सड़क हादसे में मानियावाला के तीन सगे भाइयों की मौत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम मानियावाला निवासी जहूर अहमद अंसारी वर्षों पहले कारोबार के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली स्थित मुल्ला कॉलोनी गाज़ीपुर मंडी जाकर रहने लगे थे। गत दिवस जहूर के चारों पुत्र अबरार अहमद, सरफराज अहमद, इफ्तिखार अहमद व अफजाल अहमद अपने तयेरे भतीजों जुनैद पुत्र निसार व शहबाज पुत्र शमशाद सहित स्कॉर्पियो गाड़ी द्वारा कालागढ़ घूमने आए थे। गत दिवस वे वापस जा रहे थे। हापुड़ में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस चौकी क्षेत्र में सामने से आए एक बेसहारा पशु से टकराकर उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी लाइन में जा गिरी और उस लाइन में दूसरी गाड़ी से भीषण टक्कर हो जाने पर तीन सगे भाइयों अबरार, सरफराज व अफजाल की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चौथा भाई इफ्तिखार व उनके भतीजे जुनैद व शहबाज गंभीर रूप से घायल हो गए।






**आदर्श आयुर्वेदा**

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



# कांवड़ यात्रा को लेकर बिजनौर में ट्रैफिक प्लान जारी

## कल 28 जुलाई से लागू होगा रूट डायवर्जन

## हरिद्वार, कोटद्वार, मुरादाबाद और काशीपुर जाने वाले वाहनों के बदले रूट

## कई मार्गों पर भारी वाहनों की नो-एंट्री

**बिजनौर ( चिंगारी )। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर पुलिस-प्रशासन ने जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। श्रावण मास की शुरुआत 28 जुलाई से होगी। कांवड़ यात्रा और शिवरात्रि पर्व को देखते हुए जिले में चरणबद्ध तरीके से यातायात डायवर्जन लागू किया जाएगा। भारी वाहनों के लिए डायवर्जन 28 जुलाई की रात से 12 अगस्त तक, जबकि हल्के वाहनों के लिए 30 जुलाई की रात से 12 अगस्त तक व्यवस्था लागू रहेगी।**

कांवड़ियों के वाहनों को मंडावर चौराहा बिजनौर से नांगल, मंडावली और भागूवाला होते हुए हरिद्वार भेजा जाएगा। हरिद्वार की ओर जाने वाले हल्के वाहनों को गंगा बैराज पुल, सेंट मैरी चौराहा, किरतपुर, देव पेट्रोल पंप, जलालाबाद न्यू बाईपास, कोटद्वार बाईपास एनएच-534 और समीपुर नहर पटरी के रास्ते भेजा जाएगा। आवश्यक वस्तुओं वाले वाहनों को भी निर्धारित समय में इसी वैकल्पिक मार्ग से हरिद्वार जाने की अनुमति होगी। मेरठ और मुजफ्फरनगर की ओर से कोटद्वार-पौड़ी जाने वाले वाहनों के लिए गंगा बैराज पुल से सेंट मैरी चौराहा, देव पेट्रोल पंप तिराहा, जलालाबाद न्यू बाईपास और कोटद्वार बाईपास एनएच-534 का रूट तय किया गया है। वहीं काशीपुर और ऊधमसिंह नगर की ओर जाने वाले वाहनों को नजीबाबाद, धामपुर, अफजलगढ़, रेहड़ होते हुए काशीपुर की ओर भेजा जाएगा। भारी वाहनों का संचालन कई मार्गों पर केवल रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक ही रहेगा।

## रोडवेज बसों का भी बदला संचालन

### इन मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

कांवड़ यात्रा के दौरान नजीबाबाद-नगीना- धामपुर-स्योहारा- सहसपुर मार्ग पर कांवड़ियों के वाहनों को छोड़कर अन्य हल्के, मध्यम और भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। बिजनौर-चांदपुर- धनौरा मार्ग पर भी हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इसके अलावा बाल किशन चौराहा से नूरपुर-दौलतपुर मार्ग, चिड़ियापुर बॉर्डर से भागूवाला चौकी और मोटा महादेव होते हुए नजीबाबाद, कोतवाली देहात, नहटौर, नूरपुर, शिवाला कलां और नौगावां सादात मार्ग पर भी यातायात प्रतिबंध रहेगा। बिजनौर-झालू-नहटौर, बिजनौर-नगीना तथा गोलबाग चौराहा-हल्दौर-नहटौर-धामपुर मार्ग पर भारी वाहनों का




प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मंडावर-बालावाली मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

### रोडवेज बसों के भी बदले रूट

कांवड़ यात्रा के दौरान रोडवेज बसों का संचालन भी वैकल्पिक मार्गों से किया जाएगा। बिजनौर से मुरादाबाद जाने वाली बसें सेंट मैरी चौराहा, न्यू बाईपास, कोतवाली देहात, धामपुर, शेरकोट, अफजलगढ़ और जसपुर होते हुए चलेंगी। मेरठ, गाजियाबाद और दिल्ली जाने वाली बसें गंगा बैराज के रास्ते मेरठ होकर जाएंगी। हरिद्वार जाने वाली बसें सेंट मैरी चौराहा, देव पेट्रोल पंप, जलालाबाद न्यू बाईपास, कोटद्वार बाईपास एनएच-534 और समीपुर नहर के रास्ते संचालित होंगी।

### तीसरे और चौथे सोमवार को भी रहेगा डायवर्जन

श्रावण मास के तीसरे और चौथे सोमवार को भी यातायात डायवर्जन जारी रहेगा। तीसरे सोमवार के लिए 13 अगस्त की मध्यरात्रि से 17 अगस्त की मध्यरात्रि तक और चौथे सोमवार के लिए 20 अगस्त की मध्यरात्रि से 24 अगस्त की मध्यरात्रि तक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान पूर्व निर्धारित मार्गों के अनुसार हल्के, भारी और मालवाहक वाहनों का संचालन किया जाएगा।

### आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को एस्कॉर्ट के साथ मिलेगी अनुमति

**खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम, गैस और मेडिकल सामग्री ले जाने वाले आवश्यक वस्तु वाहनों के लिए रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। ऐसे वाहनों को संबंधित थाना प्रभारी द्वारा थाना मोबाइल एस्कॉर्ट के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र से पार कराया जाएगा।**

पुलिस ने कांवड़ियों से अपने साथ आईडी कार्ड रखने और कांवड़ की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं रखने की अपील की है। कांवड़ मार्ग पर शराब की दुकानें बंद रखने तथा होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और सराय की नियमित जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। मोटा महादेव मंदिर के सामने आम के बाग में श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## कारगिल दिवस पर महिलाओं ने वीर जवानों को किया नमन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की समाजसेवी महिलाओं के द्वारा सुमन वर्मा के आवास पर कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर जवानों को शत-शत नमन कर कोटि-कोटि प्रणाम किया गया। रमेश नगर में समाजसेवी महिलाओं ने कहा कारगिल के अमर शहीदों का साहस और बलिदान सदा हमारे राष्ट्र का गौरव व स्वाभिमान रहेगा। सभी के द्वारा देश के वीर जवानों को शत-शत नमन किया गया। सुमन वर्मा ने कहा हमारे देश के शहीदों ने बलिदान और सुरक्षा की जिसको कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूलमाला वर्मा के संचालन में कार्यक्रम में आस्था रानी, रूपम, सुशीला गुप्ता, मधु शर्मा, सुमेत देवी आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में चांदपुर का युवक गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के एक गांव के युवक ने थाने के तहरीर देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को राहुल पुत्र अजयपाल निवासी बनी गांवड़ी थाना चांदपुर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उपनिरीक्षक दयानंद, कांस्टेबल ब्रिजेश कुमार, विजयपाल, महिला कांस्टेबल मीनाक्षी की पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

मोरना में हुआ गौड़ क्षत्रिय बंधुओं का भाईचारा सम्मेलन ( पेज 11 )



# जनता पर महंगाई की मार, जनविरोधी है भाजपा सरकार- पारस

## सपा विधायक द्वारा 'पीडीए पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर में मुख्य चौराहे से मानपुर के तिराहे तक लगभग 450 मी. लम्बाई, लागत लगभग 33 लाख 80 हजार रुपए की लागत से बनी सीसी रोड का मनोज पारस (पूर्व राज्य मंत्री) विधायक नगीना ने अपनी विधायक निधि से निर्माण कराकर लोकार्पण किया। ग्रामवासियों ने विधायक पारस का आभार व्यक्त किया। उसके उपरांत रिपुदमन सिंह राजवंशी की अध्यक्षता व मो. शाहिल के संचालन में हुई सभा में पी.डी.ए. चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में समाजवादी के विचारों से प्रभावित होकर आनंदपाल ने भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी ज्वाइन की। विधायक पुत्र अक्षेष पारस ने फूलमाला पहनकर आनंदपाल का स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक मनोज पारस ने कहा की प्रदेश में महंगाई व भष्टाचार चरम सीमा पर है, बेरोजगारों की फौज बढ़ रही है रोजमर्रा की जरूरत के सामान की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे गरीबों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी की सरकार आएगी तो 300 यूनिट बिजली फ्री दी जएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति लोगों का विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इस अवसर पर सुधीर राठी, शिव कुमार, गोस्वामी, भूर सिंह, मास्टर इसरार अहमद, अनीस अहमद, चौधरी तिरभान सिंह आदि साथ थे।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## आषाढ़ के महीने में सूखे के हालात, आखिर कब होगी बरसात?

**नांगल सोती ( चिंगारी ) । आषाढ़ के महीने में भी बदरा बैरंग लौटकर जा रहे हैं और लोग रिकॉर्ड तोड़ गर्मी में बुरी तरह से बिलबिला रहे हैं। मौसम का यह मिजाज लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है।**

आषाढ़ का महीना समाप्ति की ओर है। यह भरी बरसात का समय होता है। 29 जुलाई को आषाढ़ का समापन हो जायेगा और 30 जुलाई से श्रावण (सावन) का महीना शुरू हो जायेगा। आजकल जो समय चल रहा है , यही समय सर्वाधिक बारिश का होता है। सामान्यत: इस मौसम में नियमित अंतराल पर बारिश होती है। आधे सावन माह तक बारिश का ज्यादा जोर रहता है। मगर तआज्जुब इस बात का है कि काली-काली घटायें लगातार बैरंग लौटकर जा रही हैं। लंबे समय तक पड़ी भयंकर गर्मी के बाद विगत 8/9 जुलाई की रात्रि में बारिश हुई थी। वह बारिश इस बरसात की पहली झमाझम बारिश थी। 9 जुलाई को दिन में तथा रात्रि में हल्की बारिश ही हुई थी तथा 10 जुलाई को मामूली बूंदाबांदी। एक ही रात की झमाझम बारिश ने तमाम नदी-नालों में उफान ला दिया था तथा कई मार्गों पर हुए जल तांडव से आवागमन बंद हो गया था। लगा था कि इस बार बरसात में खूब झमाझम होगी। लेकिन उसके बाद फिर सूखे जैसी स्थिति है। लोग बारिश के लिये तरस रहे हैं। तमाम दुआओं , प्रार्थनाओं के बावजूद बदरा बैरंग ही लौटकर जा रहे हैं। रिकॉर्डतोड़ गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। उमस और तपिश ने बरसात के इस मौसम में नलकूप बंद पड़े रहते थे। बारिश के पानी से खेत लबालब हुए रहते थे। मगर वर्तमान में सूखे जैसी स्थिति के कारण फसलें पानी मांग रही हैं। नलकूप लगातार चल रहे हैं। मौसम का यह मिजाज अचंभित भी कर रहा है और चिंतित भी।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## जिद से जिद हारी

युवा जिद के सामने बूढ़ी और पुरानी जिद को हार माननी पड़ी। अहंकार को झुकना पड़ा उस जुनून के सामने, जिसने ठान लिया था- अभी नहीं तो कभी नहीं। नई सोच के सामने परास्त हुई वो बीमार और संकीर्ण सोच, जिसे हर मामले में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश का एंगल नजर आता है। बैकफुट पर आना पड़ा उस मानसिकता को, जो हर चीज को हिन्दू-मुसलमान के चश्मे से देखती है। आधुनिक व प्रगतिशील सोच रखने वाली होनहार युवा पीढ़ी के सामने पीछे हटना उस जमात को, जिसने 12 साल से अपना ढर्रा नहीं बदला।

शाबाश जेन ज़ी! आपने वो कर दिखाया, जिसे आज के दौर में नामुमकिन मान लिया गया था। आपने एक जिद्दी सरकार से शिक्षा मंत्री का इस्तीफा ही नहीं कराया, बल्कि सिस्टम के साथ दो-दो हाथ और सरकार से दो टूक सवाल करके देश की मृतप्राय: जनता को उसके जिंदा होने का अहसास भी कराया। आपने सरकार को बताया कि आप होंगे सरकार, मगर हैं तो जनता की बदौलत, तो जनता की बात सुननी होगी। आपने सरकार को अहसास कराया कि हुजूर ऊंची कुर्सी पर बैठेंगे तो जवाबदेही भी आपकी होगी। सवालों से आप बच नहीं सकते। बधाई देश के भावी कर्णधारों! आपने देश को अवसाद से उबारा और उम्मीद की एक नई किरण रोशन की। नाज है तुम पर, तुम्हारी सोच पर, तुम्हारे विजन पर, तुम्हारी एकता पर, तुम्हारी योग्यता पर, तुम्हारी हिम्मत पर। सैल्यूट तुम्हारे जज्बे को, तुम्हारे मिशन को! खासकर उन बेटियों को प्रणाम, जो लड़ीं और खूब लड़ीं उस सिस्टम से जो निरंकुश है, निर्मम है और गैरजिम्मेदार भी। भिड़ीं उन ताकतों से जिन्हें अपने ताकतवर होने का अहंकार है। संघर्ष करते दिखीं उस सोच से जो नारी की गरिमा, उसकी प्रतिष्ठा और उसके सम्मान से खिलवाड़ करके खुद को बलवान समझने की भूल करते हैं। आपने जोश के साथ होश में रह कर सत्ता के गुरुर को चकनाचूर किया। याद रखेगा देश आपके संघर्ष, आपके जज्बे और जुनून को। याद रहेगा कैसे 36 दिन का यह आंदोलन जिसे बदनाम और निष्फल करने के लिये हर प्रकार की शरारतें और साजिशें की गईं। याद रहेंगे जेन ज़ी, जो जाति, धर्म, मजहब, क्षेत्र, प्रांत, भाषा, रंग और भेद से ऊपर उठकर शिक्षा को हथियार बनाकर निहत्थे ही मैदान में उतर गये थे।


# GEN Z सफल, लेकिन क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े से पेपर लीक बंद हो जाएगा?



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म कराने को मजबूरी में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा तो हो गया, लेकिन संघ बीजेपी और मोदी की कार्यशैली को जानने वालों को पता है, इससे पेपर लीक होना बंद हो ही जाएं, यह ज़रूरी नहीं है। अलबत्ता युवाओं की मांग पूरी होने से उनको लगा है कि सरकार झुकती है, झुकाने वाला चाहिए। जहां तक सीजेपी के आंदोलन का सवाल है, उसकी तुलना जे पे या अन्ना के आंदोलन से इसलिए नहीं की जा सकती, क्योंकि उनमें संगठन प्रबंधन और सरकार से मांगों पर वार्ता करने के लिए निगोशिएशन करने वाले अलग वरिष्ठ अनुभवी और विशेषज्ञ नागरिक मौजूद थे, जो इस आंदोलन में नज़र नहीं आये। सोनम वांगचुक जब सीजेपी के आंदोलन में शरीक हुए, तब यह लग रहा था कि अब वे इसकी कमान सीजेपी के मुखिया अभिजीत दीपके से अधिक बेहतर संभाल सकते थे लेकिन उनको पुलिस ने जबरन उठाकर हॉस्पिटल भेज दिया, जिससे वे मुख्य मंच से बाहर हो गए। सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरव दास के नेतृत्व में जो लोग स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिलने गए, वे पहले दिन तो निराश होकर लौटे लेकिन दूसरे दिन शिक्षा मंत्री को हटवाने में सफल हो गए।

दरअसल शिक्षा मंत्री को हटाने से यह व्यापक समस्या हल होने वाली नहीं है। यह एक प्रतीकात्मक या आंदोलन की बड़ी सफलता तो लोगों को दूर से दिखाई दे रही है, है भी लेकिन ठीक ऐसा ही होगा, जैसे किसी अस्पताल का पूरा सिस्टम सुविधाएं मशीनें नियम कानून उपलब्ध सीमित दवायें और इलाज की सीमाएं बदले बिना डॉक्टर बदलकर रोगी के ठीक होने की आशा करना। हालांकि सीजेपी के घोषणा-पत्र में न्यायिक स्वतंत्रता, महिला आरक्षण, चुनावी अखंडता, मीडिया की जवाबदेही और कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी शामिल हैं, लेकिन फ़िलहाल उन्होंने शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा, नीट परीक्षा बार-बार रद्द होने से आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिवारों को एक-एक करोड़ मुआवज़ा और सोनम वांगचुक को रिहा करने के साथ आंदोलन करने वाले बच्चों के खिलाफ़ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं करने की मुख्य मांग ही सरकार से मनवाई हैं। सीजेपी के युवा जोश में हैं। उनको अनुभव अभी नहीं है। वे राजनीति की बारीकियां शासन-प्रशासन की चालें भी नहीं समझते। साथ ही इस सरकार की बनावट और काम करने के परंपरा से अलग हटकर तौर-तरीके और आंदोलन व विरोध को लेकर उसकी नीति भी शायद नहीं जानते थे। उनको यह भी नहीं पता शिक्षा मंत्री ही नहीं, सभी कैबिनेट मंत्री और अन्य मंत्री भी पीएमओ यानी मोदी और संघ के दिशा निर्देश से ही सारे काम, फैसले और बयान जारी करते हैं।



यहां तक कि बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी बिना मोदी शाह और संघ की सहमति के कोई बड़ा फैसला नहीं कर सकते। यही वजह है कि बीजेपी में मंत्री या मुख्यमंत्री बनने के लिए जनाधार योग्यता और अधिक राजनीतिक अनुभव नहीं वफ़ादारी कम योग्यता और लोकप्रियताविहीन होना मैरिट माना जाता है। रिकॉर्ड बताता है कि संघ बीजेपी और मोदी कभी भी लोकतांत्रिक उदार और संविधान के अनुसार चलने वाले नहीं रहे हैं। वे सांप्रदायिक कट्टरवादी और पूंजीवादी सोच के होने की वजह से अधिनायकवादी अहंकारी और एक एजेंडे के हिसाब से ही चलते हैं। यही वजह है कि नैतिकता जनभावनाओं का सम्मान और विपक्ष सिविल सोसायटी या विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद फैसले लेने में उनका तनिक भी विश्वास नहीं रहा है अन्यथा नोट बंदी, देश में लॉकडाउन और जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को इतना नुकसान नहीं हुआ होता। पेट्रोल में बिना समुचित चर्चा तैयारी या वाहनों की बनावट की जांच के सीधे दस से बीस प्रतिशत एथेनॉल मिलाने से खराब हो रही कारों का यह देश में ऐसा ही चौथा मनमाना थोपा गया एकतरफ़ा फैसला है।

यही वजह है कि मोदी और अन्य बीजेपी सरकारें भ्रष्टाचार, अपराध, महंगाई, बेरोजगारी और ग़रीबी को कोई बड़ी समस्या ही नहीं मानते। जब प्रॉब्लम ही स्वीकार नहीं करते तो इनके समाधान के लिए भी कुछ ठोस काम नहीं करेंगे। मोदी सरकार अपने 12 साल के कार्यकाल में केवल उन आंदोलनकारी किसानों के सामने झुकी थी, जिन्होंने तमाम तिकड़मों रुकावटों और सरकारी दमन के बावजूद दिल्ली बोर्डर पर एक साल से अधिक धरना और 700 से अधिक किसानों की जान का बलिदान दिया था। उसकी वजह भी देश की आबादी में किसानों की बड़ी संख्या और यूपी सहित कई राज्यों के चुनाव में बीजेपी की हार का खतरा था। मोदी सरकार विपक्ष को संसद या बाहर भी विरोध तक नहीं करने देती, साथ ही विपक्ष के सांसदों को शामिल कर बनी संयुक्त संसदीय समितियों को अधिकांश बिल विवाद के बाद भी विचार को या तो भेजे नहीं जाते और अगर मजबूरी में कभी-कभी सदन चलाने को ऐसे विधेयक विचार विमर्श को दिये भी जाते हैं तो उनकी सिफ़ारिश को सरकार स्वीकार ही नहीं करती। युवाओं के वर्तमान आक्रोश नाराज़गी और विरोध का कारण मोदी के हर साल दो करोड़ नये रोज़गार का वादा पूरा नहीं होना भी था। इसके साथ ही मोदी जिन अडानी-अंबानी जैसे चंद मित्र पूंजिपतियों के हाथ देश की सारी संपत्ति संसाधन और दौलत लुटाते आ रहे हैं, उससे भी युवाओं में गुस्सा है। यह ठीक है कि सरकार के हिंदू मुस्लिम एजेंडे को धता बताकर कॉकरोच आंदोलन ने दो सफलतायें शुरू में ही हासिल कर ली थी, जिनमें एक आंदोलन करने पर सरकार की बदले की कार्यवाही का भय खत्म होना और दूसरा आंदोलन करने वालों से सरकार का अब तक बात नहीं करने का घमंड तोड़ना शामिल था। यह सरकार बड़े से बड़े फैसले बिना सोचे-समझे बिना संसद को विश्वास में लिए और बिना नागरिकों से चर्चा किए लेती रही है।

6 जून को जब कॉकरोच आंदोलन शुरू हुआ तो सरकार ने उससे तत्काल बात नहीं की लेकिन जब तनाव टकराव और विवाद 20 जुलाई को संसद चलो के आह्वान से काफी बढ़ गया तो समझौता वार्ता शुरू हुई। इसके कई दिन बाद पीएम मोदी ने पेपर लीक के मामले फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनने का कानून बनाने और उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी को हटाने का आदेश देकर ऐसा संदेश देना चाहा जैसे ये कोई बड़े क्रांतिकारी फ़ैसले हों। इसके साथ ही मोदी कैबिनेट ने पेपर लीक कानून में दस साल सज़ा और दस करोड़ जुर्माने की भी व्यवस्था कर दी है, लेकिन जैसे जनलोकपाल बना लेकिन करप्शन खत्म नहीं हुआ, वैसा ही इस कानून का भी हश्र होगा। अंत में कोई विकल्प न बचने पर शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा लिया गया, इसमें में भी पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी नहीं स्वीकार की गई है। मोदी सरकार की विश्वसनीयता साख और छवि अब ढलान पर है, जिससे उसके वादों दावों और आश्वासनों पर सीजेपी क्या कोई भी विश्वास करने को तैयार नहीं होता है। उसने हर समस्या का समाधान हिंदू-मुस्लिम झूठ और नफ़रत को बनाकर गोदी मीडिया से ऐसा नैरेटिव बनाकर चुनावी जीत का मैकेनिज्म विकसित कर लिया है जिससे धर्मेंद्र प्रधान को तो क्या कल मोदी को भी अगर पद से हटा दिया जाए तो भी जो नया प्रधानमंत्री बनेगा वो संघ के उसी एजेंडे पर वैसे ही चलेगा, जैसे आज मोदी चल रहे हैं। हम सीजेपी के आंदोलन की सफलता को कम करके नहीं आंकना चाहते लेकिन यह ज़रूर कहेंगे कि केवल शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े से पेपर लीक की समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए पूरी सरकार व्यवस्था और काफी सीमा तक हमारा अनैतिक समाज भी उत्तरदायी है।

**( नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं।)**



# 90 + प्लस दूध, मट्ठा, घी खाने के शौकीन 100 साल के चौ. अतर सिंह



**गंज ( चिंगारी )।** कमर सीधी, हाथ में वॉकिंग स्टिक तेज चाल, सिर पर टोपी.. आज भी पहचान है चौधरी अतर सिंह की। नगर से सटा एक छोटा सा गांव है गांवड़ी बुजुर्ग, जिसमें लगभग 8 दशक से अपने परिवार के साथ चौधरी अतर सिंह रहते हैं। यूं तो चौधरी अतर सिंह बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के साथ कई किसान आंदोलनों का हिस्सा बन चुके हैं किन्तु चिंगारी के पाठकों से चौधरी अतर सिंह का परिचय कराते हैं, जिनकी आयु 100 प्लस हो चुकी है।

मूल रूप से धनौरा कस्बा के पास ग्राम रामपुर के रहने वाले अतर सिंह का जन्म सन् 1917 में हुआ था। लगभग 18 साल की आयु में गांवड़ी की रहने वाली चंद्रावती से शादी हो गई। अतर सिंह बताते हैं कि उनकी बारात बैल बुग्गी से गांवड़ी पहुंची थी तथा दो दिन तक टिकी रही। लोगों की खातीरदारी और प्यार, भाईचारे की मिठास भी बरातियों ने खाने के वक्त देखी है और आज जेवड़ा खोल दावत भी मैंने देखी है। शादी के कुछ समय बाद से ही गांवड़ी में रहने लगे। चौ. अतर सिंह को बचपन से ही पहलवानी करने का शौक था। उन्होंने चांदपुर के बकरा पहलवान को हराया। नामी बकरा पहलवान ने उस समय के कई पहलवानों को हरा दिया, तब पिताजी के कहने पर जबरदस्ती अखाड़ा में उतरा क्योंकि पिताजी ने कह दिया था कि यदि कुश्ती नहीं लड़ा या कुश्ती में हार गया तो उसी दिन से दूध, मट्ठा व घी खाने को नहीं मिलेगा। तब मैं कुश्ती लड़ा भी और जीता भी। चौधरी अतर सिंह के घर चार पुत्र और तीन पुत्री हुईं। आज 6 पौत्र, सात पड़पौत्र तथा तीन पड़पौत्र के पुत्रों के साथ परिवार में 25 सदस्य हैं।

## पैदल चलना अच्छे स्वास्थ्य का राज

**चौधरी अतर सिंह ने दीर्घायु व स्वस्थ रहने के पीछे मट्ठा, देसी घी व दूध को बताया। सुबह और शाम व्यायाम तथा दिन में पैदल चलने को वह अपने स्वास्थ्य का राज मानते हैं। अतर सिंह आज भी तीन से चार किलोमीटर पैदल चलकर गांवड़ी से गंज आ जाते हैं। चौधरी अतर सिंह बताते हैं कि आज तक कभी भी उन्हें बुखार नहीं आया। किसी लग्न-रिश्ता, शादी-बारात में दावत का खाना खाने पर पेट तो खराब हो जाता है। किंतु और कोई समस्या नहीं आती। जब खेती के आधुनिक साधन नहीं थे तब लगभग 100 बीघा की खेती अतर सिंह अपने भाईयों के साथ दो हल- बैलों से करते थे। यदा-कदा मजदूर पकड़ना पड़ता था।**

## पत्नी चंद्रावती भी पूर्ण स्वस्थ

चौधरी अतर सिंह ने अपनी पत्नी चंद्रावती के साथ सादगी और प्रेम के साथ जीवन बिताया। 98 साल की चंद्रावती कहती हैं कि आज तक मैंने अपना कोई काम किसी से नहीं करवाया, बस अब तो ईश्वर से एक इच्छा है कि चलते हाथ-पैरों के साथ ईश्वर अपनी शरण में ले ले।



## आज के लोग न सीधे न सच्चे

पुराने समय में और नये युग के समाज में क्या परिवर्तन देखने को मिला- अतर सिंह बताते हैं पुराने समय में सीधे-साधे व सच्चे तथा सादगी भरे अच्छे इंसान थे किंतु आज के समय में लोग न सीधे हैं न सच्चे हैं। आज के इंसान तो जैसे हैं सब जानते ही हैं। चौधरी अतर सिंह ने हमारे साथ कुछ दूर पैदल चलकर गांव की ही 90 प्लस दो महिलाओं इमरती देवी तथा मूर्ति देवी से मिलवाया, जो इस समय कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं हैं।

**प्रस्तुतिः- शशिभूषण शर्मा**

# मेरा नाम करेगा रोशन...

**हल्दौर ( चिंगारी )। मां बाप के साथ-साथ आज कल बच्चे भी अपना अच्छा भविष्य संवारने के लिए सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए वह पूरी लगन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।**



स्थानीय मुहल्ला रईसान निवासी शिक्षिका प्रियंका रस्तौगी व व्यापारी संजय रस्तौगी की 12 वर्षीय पुत्री दर्शी रस्तौगी कक्षा 7 की छात्रा हैं। दर्शी रस्तौगी की मम्मी प्रियंका रस्तौगी का कहना है कि उनकी बेटी का सपना कड़ी मेहनत कर अच्छी और उच्च शिक्षा ग्रहण करके सिविल सर्विसेज में जाने का हैं। उसके इस सपने को साकार करने के लिए हमारा पूरा सहयोग रहेगा।



**मुहल्ला धूलियावाला निवासी यासमीन परवीन व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौहम्मद नौशाद के नौ वर्षीय सुपुत्र मौ.ईशान कक्षा 4 के छात्र हैं। ईशान का सपना पूरी लगन व आत्मविश्वास के साथ उच्च शिक्षा ग्रहण कर आईएएस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करने का हैं। जिसमें उनके माता-पिता का कहना है कि वह बच्चों को अच्छा वातावरण देकर उनका सपना साकार करने में अपना हर संभव सहयोग प्रदान कर उन्हें अच्छी शिक्षा दिलाएंगे।**



वंही मुहल्ला धूलियावाला ही निवासी मीनाक्षी रस्तौगी व सभासद ऋषभ रस्तौगी की 10 वर्षीय पुत्री यशिका रस्तौगी कक्षा 5 की छात्रा हैं। यशिका का पूरी लगन के साथ अच्छी और उच्च शिक्षा ग्रहण भविष्य में जज बनने का सपना है ताकि वह पीड़ित और कमजोर तबके के लोगों को इंसाफ दिला सकें। यशिका के माता-पिता का कहना है कि वह उसकी प्रतिभा को निखारने के लिए उसको बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएंगे।

**प्रस्तुतिः मौ.इरशाद मलिक**

# भारत ने जिम्बाब्वे को 35 रन से हराया

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 35 रन से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। हरारे में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। भारत की जीत के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 49 गेंदों पर 81 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। यश ठाकुर को 2 विकेट मिले। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 2 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन (29) ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर पारी संभाली। ईशान के आउट होने के बाद वैभव ने कप्तान श्रेयस अय्यर (27) के साथ 50 रन की साझेदारी की। 193 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने पहली बॉल पर विकेट गंवा दिया।



# रेडिमेड कपड़ों के शोरूम में तीसरी मंजिल पर लगी भीषण आग

## पड़ोसी की छत से दीवार तोड़कर पाया आग पर काबू



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मेन मार्केट में भगत सिंह चौक के पास स्थित गुरु नानक सलेक्शन के रेडीमेड कपड़ों के शोरूम की तीसरी मंजिल में बीती रात बिजली की फ्लकचुएशन से इनवर्टर में भीषण आग लग गई, जिससे मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार पंजाबी कॉलोनी निवासी सरदार गुरप्रीत सिंह ने मेंन मार्केट में गुरु नानक सलेक्शन के नाम से रेडीमेड कपड़ों का तीन मंजिला शोरूम खोल रखा है।

उन्होंने बताया कि शोरूम की तीसरी मंजिल पर उन्होंने बिजली के लिए जनरेटर सेट और इनवर्टर की व्यवस्था की हुई है। बीती रात लगभग 9 बजे शोरूम बंद करके वह अपने घर पहुंच गए थे कि थोड़ी देर बाद ही उनके पड़ोसी तापस गोयल ने उनको सूचना दी कि आपके शोरूम की तीसरी मंजिल से आग की लपटें निकल रही हैं। इस पर सरदार गुरप्रीत सिंह तुरंत शोरूम पर पहुंचे और बिजली का आउटपुट कर दिया। इस दौरान उन्होंने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी जिस पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची। परंतु शोरूम में लाइट बंद होने और आग की लपटों से धुआं होने के कारण जाना संभव नहीं हो पाया, जिस पर फायर ब्रिगेड ने पड़ोसी की छत पर चढ़कर शोरूम की दीवार तोड़कर पानी डालकर आग पर काबू पाया। लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 12 बजे आग पर काबू पाया जा सका। शोरूम स्वामी सरदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तीसरी मंजिल पर वुलेन का सामान रखा हुआ था। आग से तीसरी मंजिल के दो खानों में रखा हुआ लगभग 15 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस प्रशासन ने अग्नि शमन विभाग के साथ लगभग दो माह पूर्व लखनऊ में हुई घटना के बाद नगर के कोचिंग सेंटर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया था परंतु इसके बावजूद दुकान पर फायर ब्रिगेड का सिलेंडर तक नहीं मिला।

## अभय बिष्ट ने जेईई में की सफलता प्राप्त परिवार एवं लालढांग में खुशी व्याप्त


अभय बिष्ट

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** लालढांग के अभय बिष्ट ने जेईई की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अभय के पिता बलवीर बिष्ट एक मजदूर हैं और माता गृहिणी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद अभय ने हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों और तमाम अव्यवस्थाओं के बीच भी उन्होंने मेहनत और लगन से जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पास की। पिछड़े क्षेत्र लालढांग से निकलकर अभय ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि से उनके घर और दोस्तों में खुशी का माहौल है। जेईई पास करने के बाद अभय का चयन मंडी (हिमाचल प्रदेश) में एमबीए एआई की पढ़ाई के लिए हुआ है। अभय बिष्ट की इस उपलब्धि पर उसको व उसके परिवार को बधाई देने के लिए क्षेत्रीय लोगों सहित उनके नाते रिश्तेदारों का उनके घर पहुंच कर व व्हाट्सएप फेसबुक आदि के माध्यम से बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

## 17 छात्राओं का एनसीसी में चयन


एनसीसी में कैडिट का चयन करते हुए अधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एसबीडी महाविद्यालय में सत्र 2026 की एनसीसी की नई भर्ती कराई गई जिसमें लगभग 25 छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें से 17 छात्राओं का चयन किया गया। 9 यूपी गर्ल्स बटालियन द्वारा नई भर्ती के लिए छात्राओं का चयन किया गया। सबसे पहले छात्राओं की लंबाई एवं वजन मापा गया। उसके बाद शारीरिक परीक्षण एवं दौड़ कराई गई तथा लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इस कार्य में सूबेदार राजेन्द्र सिंह, नायक (चिकित्सा सहायक) जे.पी. पाठक एवं हवलदार मेघराज सिंह द्वारा एनरोलमेंट कराया गया। महाविद्यालय की सीटीओ प्रियंका जैन एवं कैडेट चंचल, खुशी ठाकुर, प्राची रानी, दीक्षा, तानिया, श्रद्धा एवं मोनिका ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## बालिका विद्या मंदिर में हुई वेश प्रतियोगिता

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं श्रेया, अनुश्री, नैना चौहान, गुन्जन, तुषारिका, हेमलता, शगुन, याशिका, सुनैना, सोनल, नैतिका वसु मान्या, पीहू, गार्गी, लतिका, काव्या, पूर्वी, गीतिका, लक्षिका, लवलीन वार्णका उन्नति वैदिका, सताक्षी, सोनाक्षी को कक्षाचार्या बहिनों रेनू, सरिता शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, अलका, पारुल, प्रीति, अर्चना, मेघना, प्रियंका, विनीता, दीपिका, मधु, काजल ने निरीक्षण किया। प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती अनीता भटनागर के निर्देशन में कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने छात्राओं को सम्मानित किया।

## 30 जुलाई से प्रारंभ होगी शिव महापुराण कथा

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर में 30 जुलाई से 9 अगस्त तक मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि 30 जुलाई गुरुवार को प्रात: 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा व नमामि गंगे के प्रदेश सह संयोजक कुंवर निहाल सिंह रहेंगे आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई

## 30 जुलाई से होगा कामना सिद्धि अनुष्ठान

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री शिव महापुराण मर्मज्ञ महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज के सानिध्य में मोहल्ला साहुवान स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में 30 जुलाई, गुरुवार से कष्ट मुक्ति समस्या निदान, कामना सिद्धि अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने बताया कि यह अनुष्ठान पूरे श्रावण माह होगा, जिसमें विद्वान आचार्य मंडल द्वारा भगवान शिव का महा रुद्राभिषेक कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अनुष्ठान में शामिल होने वाले यजमानों की आश्रम में रहने की व्यवस्था भी की गई है।

## प्रतीक सिसोदिया हेड बॉय, परिणीता हेड गर्ल बनी



### जेके मॉडर्न आकादमी में विद्यार्थी परिषद का गठन

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. मॉडर्न अकादमी में अलंकृत समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रबंधक जितेंद्र कुमार, निर्देशिका कनक चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक जितेंद्र चौहान ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसमें कक्षा 12वीं के छात्र प्रतीक सिसोदिया हेड बॉय और कक्षा 12वीं परिणीता को हेड गर्ल बनाया गया। कक्षा ग्यारहवीं से तनुज कुमार को वॉइस हेड बॉय और कक्षा ग्यारहवीं से अक्षरा नौशाद को वॉइस हेड गर्ल चुना गया। कक्षा ग्यारहवीं से द्रोण कुमार और सोफिया परवीन को स्पोर्ट्स कैप्टन का कार्यभार सौंपा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम कक्षा 11वीं से मनस्वी को कार्यभार दिया गया। इसके अलावा विभिन्न सदनों के कैप्टन, सांस्कृतिक व खेलकूद प्रभारियों को बैज और सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक जितेंद्र चौहान, निर्देशिका कनक चौहान, उप प्रधानाचार्य सुमित शर्मा, खेलकूद शिक्षक मनीष वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी।

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक प्लाट रकबई 133.71 वर्ग मीटर चौहददी पूरब रास्ता 20 फिट चौडा पश्चिम मकान दीवान सिंह व सागर सिंह उत्तर मकान चन्द्रवती देवी दक्षिण मकान रुकमेश देवी स्थित खसरा न. 62ब ग्राम मौज्जमपुर जैतरा, परगना धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर है। इस सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र दिनांकित 30.03.1989 बही 01 जिल्द 1280 पेज 119-120 क्रमांक 1482 (विक्रेता तुकराम सिंह व खेम सिंह क्रेता श्रीमति चन्द्रवती देवी) रजिस्ट्रार बिजनौर कार्यालय पर दर्ज है जो वास्तव में कही खो गये है। यदि कोई व्यक्ति उक्त विक्रय पत्र का प्रयोग करता है, तो वह गैर कानूनी है।

उपरोक्त सम्पत्ति का वर्तमान स्वामी मैं पीयूष कुमार पुत्र श्री मुखराम सिंह निवासी ग्राम मौज्जमपुर जैतरा नियर न्यू रामगंगा कालोनी, परगना धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर है तथा विक्रय पत्र दिनांक 09.06.2023 कमांक 10867 से मालिक व काबिज हूं।

यदि उपरोक्त बैनामा किसी व्यक्ति को मिलता है। तो निम्न पते पर सम्पर्क करे- **पीयूष कुमार पुत्र श्री मुखराम सिंह निवासी ग्राम मौज्जमपुर जैतरा नियर न्यू रामगंगा कालोनी, परगना धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**


# 32 साल पुरानी रंजिश को लेकर महिला को गोली मारी थी

## आरोपी गिरफ्तार, दो तमंचे बरामद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली शहर पुलिस ने गुजरपुरा जसपाल में महिला को गोली मारकर घायल करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को गुजरपुरा जसपाल निवासी संजय कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही चन्द्रशेखर उर्फ शेखर ने उनके घर में घुसकर उनकी मां के साथ गाली–गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इस मामले में कोतवाली शहर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी चन्द्रशेखर उर्फ शेखर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर नगीना रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के आगे कच्चे रास्ते पर शीशम के पेड़ के नीचे छिपाकर रखे गए दो तमंचे, दो खोखा



कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 1991 में दर्ज एक आपराधिक मामले में उसके पिता को सजा हुई थी। उस मुकदमे में पीड़ित पक्ष और गवाह रहे लोगों के परिवार से वह पुरानी रंजिश रखता था। इसी रंजिश के चलते उसने पहले प्रवीण सिंह के घर के बाहर फायरिंग की और उसके बाद संजय कुमार के घर में घुसकर उनकी मां पर गोली चला दी। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि फरार आरोपी चन्द्रशेखर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी का चालान कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने यह भी बताया कि वह पहले एक आपराधिक गिरोह से जुड़ा रहा है और बरामद तमंचे उसी समय से उसके पास थे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# स्कूल में हुआ सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




**नूरपुर ( चिंगारी )।** गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर में शनिवार को सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी व कारगिल विजय दिवस पोस्टर प्रतियोगिता कक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय में सभी पांच हाउसो सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के कक्षा 3 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रभसिमरन कौर ने भाषण दिया। प्रतियोगिता के आयोजन में समन्वयक दीपक कुमार, गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार, विशाल सैनी, मधु रानी, अनिता, विचित्र चौहान आदि शिक्षकों ने योगदान दिया। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह एवं प्राचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं जीवन में सामान्य ज्ञान के महत्व के बारे में बताया। प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के आने, रोज अख़बार पढ़ने और देश–विदेश में होने वाली सूचनाओं की जानकारी रखने के लिए कहा।

# बाल्मीकि पार्क में हुआ पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जाटान बाल्मीकि पार्क बिजनौर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण प्रेमी संतोष राजवंश एवं रमेश मित्रा के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार विरोधी मंच के अध्यक्ष के के रंजन, विनोद ढींगिया, सुभाष भंडारी, आशाराम भारती, डा यादराम सिंह,श्रवण वेद्य, राहुल सेनी, प्रकाश सैनी, राहुल सैनी आदि अनेक उपस्थिति रही। पौधारोपण के बाद उपस्थित लोगों को पौधों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।



# शिक्षकों को अब नहीं होगी इलाज की चिंता

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ का कलक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश के शिक्षकों और उनके पात्र आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर पर जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के उदबोधन का सजीव प्रसारण देखा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह महत्वपूर्ण योजना लागू कर रही है। योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके पात्र आश्रितों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं कैशलेस उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इससे आकस्मिक अथवा गंभीर बीमारी की स्थिति में शिक्षकों को इलाज के खर्च की आर्थिक चिंता से राहत मिलेगी।

### पात्र शिक्षकों को बांटे गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड

**कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के पात्र शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए। कार्ड मिलने पर शिक्षकों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए योजना को उनके स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसी जीराम, जीआरबी यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।**

# मन को जीत लेने वाला व्यक्ति ही सफल होता है- बाबा फुलसंदे वाले

**नहटौर ( चिंगारी )। बाबा फुलसंदे वालो ने कहा कि चित्त सदा चंचल होता है। इसमें बहुत से विकार आते रहते हैं, जिसके कारण ज्ञान क्षण भर को ठहरता है, इसमें ज्ञान ज्योति को रोक कर रखना कठिन है। इसका निवारण करना भी दुष्कर है। उन्होने कहा कि मनुष्य क्रोध में बहुत कुछ अनर्थ कर डालता है। यदि वह धैर्य रखे तो बहुत से संकट और आपदा परमेश्वर की कृपा से टल जाते हैं।**



रविवार को फुलसंदा में आयोजिय सत्संग कार्यक्रम में बाबा फुलसंदे वाले प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चित्त को ज्ञानी पुरुष उसी प्रकार सीधा करता है जैसे बाण बनाने वाला लौहार बाण को आग में तपा कर छेद कर अनेक प्रयास करके उसे ठीक करता है। जिसका मन अस्थिर है जो धर्म आचरण को नहीं जानता, जिसकी श्रद्धा अस्थिर है। उसकी बुद्धि भी पूर्ण नहीं हो सकती, ना ही उसे सुख प्राप्त हो सकता है। मनुष्य क्रोध में बहुत कुछ अनर्थ कर डालता है अगर वह धैर्य रखें तो बहुत से संकट और आपदा टल जाती हैं। इस शरीर को घड़े के समान अनित्य समझो, चित्त को नगर में भटकने वाला कुत्ता समझो। मन को जीत लेने पर ही जीवन की रक्षा हो पाती है। जो चरित्रवान और अधिक विनम्र तथा अधिक धर्म आचरण करने वाला व अपने को शिक्षित करने वाला पुरुष इस पृथ्वी पर शांत आत्मा होकर विचरता है, देवगंण उसकी मित्रता को चाहते हैं। धर्म आचरण में कुशल तथा सावधान रहने वाला व्यक्ति कल्पवृक्ष के पुष्पों की तरह धर्म पदों को अपने जीवन पर्यंत चुनने में लगा रहता है। वह ज्ञानी होने का अभिमान न करता वह आत्मा में मृदु बना रहता है। श्रद्धालुओं ने आरती कर सुख शांति समृद्धि की कामना की।

# नलकूपों की कोठरी का ताला तोड़कर केबल, स्टार्टर चुराया

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में नलकूप चोरों के हौंसले बुलंद हैं। चोरों ने पिछले एक सप्ताह के भीतर गांव जरीफ़पुर चतर में आधा दर्जन नलकूपों की कोठरी का ताला तोड़कर केबल, स्टार्टर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार बीती रात चोर ग्राम जरीफ़पुर चतर निवासी किसान रविन्द्र कुमार पुत्र तिमर सिंह, नेपाल सिंह पुत्र भोपाल सिंह और सोनू पुत्र अमरपाल सिंह के नलकूपों की कोठरी का ताला तोड़कर स्टार्टर, केबिल, प्लास्टिक पाइप और फावड़े आदि सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुँचे, तो उन्हें चोरी का पता चला। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी चोरों ने गांव के ही किसान हरपाल सिंह, ओमवीर सिंह और पास के गांव सीकरी निवासी वीर सिंह के नलकूपों से केबिल आदि उपकरण चोरी कर लिए थे। एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन नलकूपों से हुई चोरी की घटना से किसानों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र ही चोरी के खुलासे की मांग की है।

# गैंगस्टर का वांछित मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** 7 जुलाई 26 को थाना अध्यक्ष द्वारा अभियुक्तगण अब्दुल गफ्फार पुत्र नसीम उर्फ नसीम अहमद, फरमान अहमद पुत्र नवाब अहमद निवासीगण मौ.साहूवान कस्बा व थाना धामपुर जनपद बिजनौर, शुऐब उर्फ मौ.शुऐब पुत्र खलील उर्फ खलीलुर्रहमान निवासी मौ.मनिहारी सराय कस्बा व थाना धामपुर द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से चोरी आदि जैसे जघन्य अपराध करना जिससे समाज में भय व आतंक का माहौल व्याप्त होने तथा लोक व्यवस्था छिन्न - भिन्न होने के संबंध में थाना स्योहारा पर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी के क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था और जिसमें गैंग लीडर अब्दुल गफ्फार सहित फरमान, शुऐब के साथ मिलकर एक संगठित सक्रिय गैंग बना रखा था। पुलिस ने फरमान ओर शुऐब को पहले गिरफ़्तार कर लिया था जबकि पुलिस ने गैंग लीडर वांछित आरोपी अब्दुल गफ्फार को गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।


# घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )। घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा दिनदहाड़े चोरी हो गई। काफी तलाश करने पर भी रिक्शा का अता-पता नहीं लग सका। नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी राजकुमार ने बताया कि कल दोपहर उसने अपनी बैटरी वाली रिक्शा जिस का नम्बर यूपी 20बीटी4276है। लॉक लगाकर अपने घर के बाहर खड़ी की थी, जब वह घर से बाहर निकला तो वहां से उसकी रिक्शा गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।**

# विनीत धनकड़ बने भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष



नूरपुर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने क्षेत्र के गांव नाहर सिंह निवासी यूनियन के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनीत धनकड़ को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।उनके मनोनयन पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर विनीत धनकड़ ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।विनीत धनकड़ करीब चार वर्ष पूर्व नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भी रह चुके है।ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह,जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह,शीशपाल सिंह,रक्षपाल सिंह,निरंजन सिंह,अभय चौधरी,लोकेश कुमार, बिजेन्द्र सिंह आदि ने उन्हें बधाई देते दी है।



# बिजनौर जनपद में दो लाख लोगों को ऑनलाइन स्वदेशी संकल्प से जोड़ा जायेगा- प्रशांत महर्षि



बिजनौर (चिंगारी)। स्वदेशी जागरण मंच, मेरठ प्रांत (पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र) के तत्वावधान में आज डीएवी इंटर कॉलेज के गोलवलकर कक्ष में 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' ऑनलाइन अभियान को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। अभियान के तहत पूरे मेरठ प्रांत में 25 लाख तथा बिजनौर जनपद में दो लाख लोगों को ऑनलाइन स्वदेशी संकल्प से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रांत संयोजक प्रशांत महर्षि ने कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत अभियान, स्वदेशी शोध संस्थान, स्वदेशी व्यापारी मंच तथा ऑनलाइन अभियान की जानकारी देते हुए लोगों से अपने आसपास निर्मित वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई वस्तु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न हो तो देश में निर्मित वस्तु खरीदें और विदेशी वस्तुओं का प्रयोग केवल मजबूरी में ही करें। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा, वेशभूषा, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण भी स्वदेशी भावना से प्रेरित होने चाहिए। 1 से 20 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नगरों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और किसानों से संपर्क कर उन्हें स्वदेशी अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला संयोजक अजय वत्स एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक मणि खन्ना ने भी इस विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल, सतीश त्यागी, कौशल किशोर शर्मा, राजेश अरोड़ा, रीता शर्मा, दीपक अरोड़ा, देवेंद्र पाल 'चीनू' सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जब गुनाह इंसान करे और इल्ज़ाम गुलदार पर लगे...

## बिजनौर में कई घटनाओं ने उठाया बड़ा सवाल,क्या जंगल के शिकारी से ज्यादा खतरनाक हो गया है इंसान?

**मरगूब रहमानी**

बिजनौर (चिंगारी)। अपना गुनाह किसी और के सिर मढ़ देना शायद इंसान की पुरानी फितरतों में से एक है। मगर जब सामने कोई बेजुबान हो, जो अपने ऊपर लगे इल्ज़ाम का जवाब तक न दे सके, तो यह फितरत और भी भयावह हो जाती है। बिजनौर के जंगलों में गुलदार और इंसान के बीच संघर्ष कोई नई बात नहीं। आए दिन गुलदार के हमले की खबरें सामने आती हैं। गांवों में दहशत फैलती है। लोग अपने घरों से निकलने में डरते हैं। खेतों में जाने से पहले कई बार सोचते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सामने आई कुछ घटनाओं ने इस डर के पीछे छिपे एक और भयावह सच को उजागर किया है। कुछ मामलों में इंसान ने अपने ही हाथों से खून बहाया और उस खून के छींटे बेजुबान जानवर पर डालने की कोशिश की, जो बोल नहीं सकता। गुलदार के पंजों के निशान तलाशे गए, मगर जांच आगे बढ़ी तो इंसानी हाथों के निशान सामने आ गए।

इसी माह हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम अजूपुरा जट में सामने आई घटना ने तो रिश्तों की बुनियाद तक हिला दी। पुलिस के मुताबिक, महज पांच लाख रुपये के लालच में एक बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी और कथित तौर पर अपने अपराध पर पर्दा डालने के लिए हत्या का इल्ज़ाम गुलदार के सिर मढ़ने की कोशिश की।

जिस मां ने जन्म दिया... उंगली पकड़कर चलना सिखाया... अपनी ममता से जिंदगी संवारी... उसी मां की मौत के बाद उसके बेटे ने कथित तौर पर उसे इंसानी नहीं, बल्कि गुलदार के हमले का रूप देने की कोशिश की। मगर सच ज्यादा देर तक छिप नहीं सका। इंसान का गुनाह, गुलदार के नाम लिखने की कोशिश नाकाम हो गई।

बिजनौर में यह पहली ऐसी घटना नहीं थी। नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा में भी सुनाई गई थी 'गुलदार' की ऐसी ही कहानी। गत वर्ष 15 नवंबर को तिसोतरा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक, सुभाष तोमर का




अपनी पुत्रवधू को लेकर अपने बेटे सौरभ से विवाद चल रहा था। आरोप है कि वह अपने बेटे को जंगल की ओर ले गया। वहां तमंचे से गोली चलाई गई, लेकिन गोली निशाने पर नहीं लगी। इसके बाद कथित तौर पर फावड़े से सिर पर वार कर सौरभ की हत्या कर दी गई।अपने गुनाह को छिपाने के लिए कथित पापी पिता ने कहानी गढ़ी — गुलदार ने अचानक हमला किया और जान ले ली लेकिन पोस्टमार्टम ने कहानी का रुख बदल दिया। जिस मौत को गुलदार के खाते में डालने की कोशिश की जा रही थी, उसके पीछे इंसान का हाथ सामने आया। जांच आगे बढ़ी और पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक बार फिर जंगल का जानवर कटघरे में खड़ा था... और असली शिकारी इंसानी बस्ती में छिपा हुआ था। संसारपुर में भी क़ातिलों ने गुलदार के पीछे छिपने की कोशिश की थी। गत वर्ष 16 मई को चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में खेत की मेंढ को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि कमलजीत सिंह की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद कथित हत्यारोपियों ने अपने अपराध पर पर्दा डालने के लिए गांव में यह बात फैलाने की कोशिश की कि 'गुलदार ने मार डाला।' एक बार फिर एक बेजुबान जानवर को इंसानी खून का जिम्मेदार बनाने की कोशिश हुई,लेकिन इस बार भी सच ने दम नहीं तोड़ा। पोस्टमार्टम ने कहानी पर सवाल खड़े किए। जांच शुरू हुई। तफ्तीश आगे बढ़ी। कड़ियां जुड़ती गईं और आखिरकार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में पहुंच गए। गुलदार फिर निर्दोष निकला और इंसान का चेहरा बेनकाब हो गया।

### जब एक महिला के गायब होने पर भी गुलदार को बना दिया गया जिम्मेदार

पिछले वर्ष 10 नवंबर को किरतपुर क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सुक्खा से एक महिला के गायब होने की खबर ने भी इलाके में सनसनी फैला दी थी। अफवाह उड़ गई कि गुलदार महिला को उठा ले गया। लोगों के बीच भय का माहौल बन गया। जंगल की ओर शक की निगाहें उठने लगीं। लेकिन कुछ समय बाद कहानी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया कि हर अनहोनी का पहला आरोपी गुलदार ही क्यों? महिला जब देहरादून से सकुशल बरामद हो गई तो गुलदार पर लगा एक और इल्ज़ाम हवा हो गया। लेकिन उन घटनाओं का क्या, जिनमें पोस्टमार्टम हुआ ही नहीं? इन घटनाओं में जहां पोस्टमार्टम और पुलिस जांच ने सच को सामने लाने में मदद की, वहीं एक सवाल अब भी अपनी जगह खड़ा है। उन घटनाओं का क्या, जिनमें लाश बरामद ही नहीं हुई? उन घटनाओं का क्या, जिनमें पोस्टमार्टम नहीं कराया गया? उन मौतों का क्या, जिनकी कहानी जंगल और गुलदार के नाम लिखकर हमेशा के लिए बंद कर दी गई? क्या हर अनहोनी का दोष गुलदार के सिर मढ़ देना सबसे आसान रास्ता है? बिजनौर जंगलों से घिरा जिला है। यहां गुलदार और इंसान का संघर्ष वास्तविक है। गुलदार के हमलों का दर्द भी वास्तविक है। कई परिवारों ने अपनों को खोया है और कई गांवों ने डर के साये में रातें काटी हैं। लेकिन इसी वास्तविक भय की आड़ में यदि कोई इंसान अपने अपराध को छिपाने की कोशिश करता है, तो यह सिर्फ कानून के साथ धोखा नहीं, बल्कि उस हर परिवार के दर्द के साथ भी छल है, जिसने सचमुच गुलदार के हमले में कोई अपना खोया है।

*"जंगल का गुलदार भूख से शिकार करता है,लेकिन इंसान? वह कभी लालच में मारता है। कभी रंजिश में। कभी जमीन-जायदाद के लिए। कभी बदले की आग में। और कभी अपने ही रिश्तों की कीमत लगा देता है। फिर अपने गुनाह का चेहरा छिपाने के लिए सामने कर देता है उस बेजुबान गुलदार को... जो अपने ऊपर लगे इल्ज़ाम का जवाब नहीं दे सकता। गुलदार से तो शायद इंसान बचने का रास्ता खोज सकता है। जंगल से बचकर निकल सकता है। झुंड बनाकर चल सकता है। सावधानी बरत सकता है। लेकिन जब इंसान ही इंसान का शिकारी बन जाए, जब खून करने वाला ही कहानी लिखने लगे, और जब उस कहानी में असली अपराधी की जगह जंगल के एक बेजुबान जीव को खड़ा कर दिया जाए— तब इंसानियत किससे बचेगी? सवाल सिर्फ इतना नहीं कि जंगल में कितने गुलदार हैं। बड़ा सवाल यह है कि... हमारे बीच कितने ऐसे चेहरे हैं, जो इंसान दिखते हैं, मगर मौका मिलते ही इंसानियत का शिकार कर डालते हैं? और शायद इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या हर बार गुलदार को कटघरे में खड़ा करने से पहले हम यह देखना भूल गए हैं कि कहीं असली शिकारी हमारे आसपास, हमारे बीच और कभी-कभी हमारे अपने घर में तो नहीं?"*

## एनपी सिंह की आत्मकथा 'लाल धागे' का विमोचन




नोएडा ( चिंगारी )। श्री एनपी सिंह की आत्मकथा पर आधारित उनकी पुस्तक 'लाल धागे' का विमोचन सेक्टर 35 नोएडा के सामुदायिक केंद्र में किया गया। पुस्तक लाल धागे डायमंड बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई। पुस्तक का विमोचन कलराज मिश्र ( पूर्व राज्यपाल ) एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा किया गया। एन पी सिंह के साथ एमिटी विश्वविद्यालय परिवार से आनंद चौहान, नोएडा प्राधिकरण की ओर से इंदु प्रकाश ( आईएएस ), दिनेश चंद ( आईएएस ), एन पी सिंह ( पूर्व आईएएस ), करण सिंह चौहान ( पूर्व आईएएस ), त्रिलोक त्यागी ( राष्ट्रीय महासचिव- राष्ट्रीय लोक दल ), साध्वी प्रज्ञा भारती, विधायक विनय वर्मा, जोगेंद्र अवाना ( पूर्व विधायक ), रामबदन ( डीआईजी ), श्रीमती शालिनी सिंह ( अध्यक्ष -नोएडा सिटीजन फ़ोरम ), श्रीमती बिमला बाथम ( पूर्व विधायक ) एवं पूर्व विधायक विमला सोलंकी मंच पर उपस्थित रहे। श्री एन पी सिंह ने अपने जीवन- संघर्ष पर प्रकाश डाला और आगंतुकों का धन्यवाद किया।



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

# पटवो के चौराहे की विद्युत व्यवस्था चरमराई

## बिजली रात भर नहीं आई



**हल्दौर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी व ओवरलोड के चलते नगर में पटवो के चौराहे के क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। बीती रात हुए भीषण फाल्ट के चलते उस क्षेत्र की बिजली पूरी रात ठप्प रही। जिससे मोहल्लेवासी गर्मी से बिलबिल उठे। आज सुबह मोहल्लेवासियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बिजली घर पहुंचकर एसडीओ व जेई से वार्ता की और ओवरलोड की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। रविवार की रात्रि भी पटवो के चौराहे की विद्युत व्यवस्था फिर चरमरा गई और उसमें बार-बार फाल्ट होने लगा और पीवीसी केबल पिघल कर चिपक गये। काफी देर तक बिजली घर के लाइनमैन उन्हें ठीक करने के प्रयास में लगे रहे। लेकिन समस्या बड़ी होने के कारण उनको उसे क्षेत्र की पूरी रात बिजली बंद करनी पड़ी और आज सुबह फाल्ट की समस्या को दूर कर वहां की बिजली सुचारू की गई। इस समस्या को देखते हुए मोहल्लेवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज सुबह बिजली घर पहुंचा और एसडीओ कृष्ण मुरारी सिंह व जेई गौतम कुमार से इस संबंध में वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों बताया कि मोहल्ले के 400 केवी ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार होने के कारण रोज-रोज फाल्ट हो रहे हैं। उक्त ट्रांसफार्मर पर घरेलू कनेक्शनो के अलावा तीन फैक्ट्रियो का भी भार हैं। उन्होंने मांग रखी की फैक्ट्रियो का ट्रांसफार्मर अलग रखवाया जाए, नए केबल डलवाए जाएं, पटवो के चौराहे से शिव डेरी तक नया पोल लगवाया जाए, सेक्शन लोड से अधिक उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिस पर दोनों अधिकारियों ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राजीव मारवाड़ी, विशाल महंत, शलभ शर्मा, अतुल गांधी, जसप्रीत सिंह, गजेंद्र सिंह, दीपक ऐरन, राहुल वर्मा, रजत वर्मा, विभु रस्तौगी, सुनील शर्मा, नरेंद्र सिंह, प्रदीप दुबे, अजय मोहन शर्मा, दीप शर्मा आदि शामिल रहें।

# चार दिन से लापता है छोटा हाथी चालक

## वाहन धनौरा क्षेत्र के जंगल में खड़ा मिला

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की सूर्य नगर कॉलोनी निवासी छोटा हाथी चालक अजय सैनी पिछले चार दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। परिजनों का आरोप है कि, धनोरा पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज तो कर लिया है, लेकिन अब तक अजय की तलाश में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे परिवार और मोहल्लेवासियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पत्नी रूपा ने बताया कि 24 जुलाई को अजय हसनपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। रात करीब 8 बजे उसका फोन आया। जिसमें उसने बताया कि वह रात 1 बजे तक घर लौट आएगा। रूपा के अनुसार, देर रात जब उन्होंने अजय से संपर्क करने का प्रयास किया तो सुबह करीब 7 बजे तक फोन की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद से अजय का मोबाइल फोन बंद आ रहा है और उसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। जब काफी तलाश के बाद भी अजय का पता नहीं चला तो परिजन और मोहल्ले के लोग उसकी खोज में हसनपुर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे। इसी दौरान उसका छोटा हाथी वाहन धनौरा क्षेत्र में जंगल के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। सूचना मिलने पर परिजन धनौरा पहुंचे और पुलिस से संपर्क किया। परिजनों का आरोप है कि, घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अजय की तलाश में गंभीरता नहीं दिखा रही है। उनका कहना है कि, केवल मुकदमा दर्ज कर लेने से काम नहीं चलेगा, बल्कि पुलिस को जल्द से जल्द अजय का पता लगाकर उसे सकुशल बरामद करना चाहिए। अजय सैनी के परिवार में उसकी पत्नी और दो छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं, जो उसके लापता होने से बेहद परेशान हैं। मोहल्लेवासियों ने भी पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए अजय की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अजय की तलाश जारी है।



लापता युवक अजय सैनी

# युवा सभासद का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन



**किरतपुर ( चिंगारी )। स्थानीय मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती से नगर पालिका के युवा व होनहार सभासद रमन सहाय ( 26 वर्ष ) की आज सुबह हृदय गति रुकने के कारण मृत्यु हो गई। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार सभासद रमन को सुबह 8:30 बजे सीने में दर्द हुआ। परिवार के लोग बिजनौर प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रमन सहाय मृदुभाषी व सरल स्वभाव के युवक थे। रमन के निधन पर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, ईओ मेघा गुप्ता, बड़े बाबू हसन मुस्तफा, कैशियर सुरेंद्र कुमार, सभासद कन्हैया राणा, मयंक अग्रवाल, गौरव पाराशर, सोनू वर्मा, रजनी कलरा, अनुज अग्रवाल, पत्रकार प्रदीप चौहान आदि ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक बच्ची छोड़ गया।**

# उमा महेश आश्रम में बह रही भागवत कथा की ज्ञान गंगा

**गंज ( चिंगारी )।** उमा महेश आश्रम निजामतपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान गंगा प्रभाहित हो रही है। रविवार को कथा के पांचवें दिन श्री श्री 1008 श्री ताराचन्द ब्रह्मचारी जी महाराज के आशीर्वाद तले कथावाचक व्यास राम स्नेही शास्त्री ने कृष्ण की सुंदर बाल कथा का वर्णन किया साथ ही गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग की कथा व श्री ब्रह्मा जी द्वारा ग्वाल वालों को चुराने तथा श्री ब्रह्मा जी को मिले दंड की कथा सुनाते हुए स्पष्ट किया कि राजा धृष्टता करता है तो उसको उतना ही बड़ा दंड मिलता है। इसलिए उच्च पद पर बैठने के बाद व्यक्ति को सोच समझकर ही कार्य कहना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान डॉक्टर नरेन्द्र शर्मा एम मधुबाला शर्मा नरावली तथा डॉक्टर यजेंद्र शर्मा नजीबाबाद है।



# मुर्गों से भरी पिकअप पलटी, एक दर्जन मुर्गे मरे, बड़ा हादसा टला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मुर्गों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के एक ओर गहरे खेतों में गिरकर पलट गई जिसमें एक दर्जन मुर्गे मर गए, लेकिन बड़ा हादसा होने से टल गया। जनपद रामपुर के थाना स्वार क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरपत नगर निवासी इलियास पुत्र कलवा पिकअप में लगभग 400 मुर्गे भरकर सहारनपुर से नरपत नगर जा रहा था। साथ में उसी के गांव निवासी कंडक्टर रिहान पुत्र फिरासत भी था। पिकअप के आगे आगे एक डंपर जा रहा था कि आज सुबह रेहड़ बस स्टैंड के पास पीछे से आ रहे डंपर ने पिकअप को अचानक ओवरटेक किया तो दोनों डंपरों से बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के एक ओर गहरे खेतों में जाकर पलट गई। गनीमत रही कि कंडक्टर-ड्राइवर को कोई चोट नहीं आई और बड़ा हादसा होने से टल गया।



सड़क के एक ओर पलटी पड़ी पिकअप।

# सोशल मीडिया पर विरोधी तत्व फैला रहे लेटर भ्रम - यशवंत

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने खिलाफ भ्रामक सूचनाएं फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो वे कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। नगीना लोकसभा (सुरक्षित) सीट से 2014 में सांसद रहे डॉ. यशवंत सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनके खिलाफ पार्टी विरोधी दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार से संबंधित उनकी एक पुरानी शिकायत को वर्तमान का बयान बताकर पेश किया जा रहा है। डॉ. सिंह के अनुसार, उन्होंने यह पत्र वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा था। यह उस समय की बात है जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी एक्ट में किए गए बदलावों के खिलाफ देशव्यापी दलित आंदोलन और भारत बंद हुआ था। उन्होंने पत्र में प्रमोशन में आरक्षण बिल पास कराने का आग्रह किया था, जिसे बाद में सरकार ने संसद में पारित कर दिया था। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि वे भविष्य में नहटौर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं। उनका मानना है कि इसी कारण उनके कुछ विरोधी सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अनुचित पोस्ट साझा कर रहे हैं।



# मोरना में हुआ गौड़ क्षत्रिय बंधुओं का भाईचारा सम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )। महाराज मुकट सिंह शेखावत संस्थान मोरना में गौड़ क्षत्रिय बंधुओं का भाईचारा सम्मेलन- एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन संस्थान अध्यक्ष कुंवर संजय सिंह गौड़ की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें संस्थान कार्य क्षेत्र के अंतर्गत बिजनौर, ठाकुरद्वारा, अमरोहा, मुरादाबाद के ग्रामों से आए गौड़ क्षत्रियों ने भाग लिया।**

संस्थान संरक्षक सदस्य सेवानिवृत सीएमओ डॉ. परमेंद्र सिंह चौहान द्वारा इस कार्यक्रम की आवश्यकता महत्ता के बारे में समझाया गया, और उन्होंने इस तरह के आयोजन लगातार क्षेत्र में करते रहने का आह्वान किया।

श्री उमेश चंद्र शेखावत ने मधी क्षेत्र में बसे गौड़ क्षत्रियों का इतिहास बतलाते हुए समझाया कि सन 1542 में हुए मधी युद्ध में फतेह उल्ला खां तुर्क के विरुद्ध युद्ध में भाग लेने वाले 12 राजपूत राजाओं में महाराजा बलभद्र सिंह गौड़ ने भी भाग लिया था, जो अजमेर के पास वनखंडा ठिकाने से आए थे। मधी युद्ध विजय के पश्चात राजा बलभद्र सिंह गौड़ ने



हरगनपुर की चौरासी बसाई। इस चौरासी के विस्तार क्षेत्र में उन्हीं के वंशज निवास करते है। गौड़ क्षत्रियों की चौरासी की मुख्य रियासतें हरगनपुर नवादा, कूकड़ा आदि रियासतें इस क्षेत्र में हैं। उन्हीं राजा बलभद्र सिंह गौड़ के वंशज गौड़ क्षत्रियों की परिवार शाखाएं इस क्षेत्र में बसी हुई हैं।

संस्थान के सहसचिव प्रशांत शेखावत ने क्षत्रिय धर्म की मुलभुत मान्यताएं- चार वंश, छत्तीस कुली, सगोत्रीय भाईचारा और अन्य कुलों में रिश्तेदारी, शादी विवाह के नियम उपनियम के बारे में समझाया।

मा. कृष्ण स्वरूप सिसोदिया ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रत्येक कुल के क्षत्रिय को सही इतिहास, गोत्राचार ज्ञान से ही संगठित किया जा सकता है। गौड़ रियासत हरगनपुर के परिवार से आए राजा बलभद्र सिंह गौड़ के वंशज कुंवर गिरिराज सिंह गौड़ ने अपने इतिहास के बारे में बताते हुए गर्व अनुभव किया और अपने सगोत्री क्षत्रिय भाई बंधुओं से मिलकर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। मोर मिलक से आए महेश सिंह गौड़ ने सभी उपस्थित गौड़ बंधुओं की फ्रेम फोटो के लिए फोटो शूट किये।

## इन ग्रामों के लोग शामिल हुए

**कार्यक्रम में हरगनपुर, कालाखेड़ी, नगीना, हरदासपुर गढ़ी,नवादा, मनकुवा, बिलंदी, नयागांव, शादीपुर, जयनगर, दुलीचंदपुर, अलादीनपुर धनराज, कूकड़ा, हल्दौर, हल्दुआ रामपुर,दिनदारपुर,रामपुर घोंघर, सीमला, मोर मिलक, धुंधली, हल्दुआ माफी, आदि ग्रामों से आए गौड़ क्षत्रियों ने अपने सगोत्री भाई बंधुओं से परिचय स्थापित किया।**

# हवन में आहूतियां देकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**बिजनौर( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर कारगिल में वीर गति को प्राप्त हुए भारतीय सेना के वीर जवानों को हवन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साहू केदार नाथ और नरेश वालिया ने यज्ञ कराया। धर्म पाल सिंह और श्रीमती प्रीति यजमान रहे। साहू केदार नाथ ने कारगिल की पहाड़ियों पर पाकिस्तानी सैनिकों से हुए युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों की गाथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों और भयंकर शीत में हमारे सेना के वीर जवानों ने दुश्मन का डटकर मुकाबला किया और अंतिम सांस तक गोलियां चलाकर दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए। हवन में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं ने वेदमंत्रों से भारत माता के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरुण देवता से वेदमंत्रों के माध्यम से धरती वासियों पर कृपा दृष्टि करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर राजवर्धन भटनागर, राम पाल सिंह, प्रेमप्रताप सिंह, दीपचंद, सुनील कुमार शर्मा, बिजेन्द्र सिंह राठी, इंजीनियर राम पाल सिंह, शौर्य, दीप्ति शर्मा, सोरन सिंह परिहार, नर्मदा साहू, कुशाग्र, ओमपाल सिंह, गौरव भटनागर, राम गुप्ता, राहुल शर्मा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रेडियो संदेश की टीम पहुंची आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर प्रवर्तक कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज ने आरोग्य मंदिर हेमराज कॉलोनी पहुंची और वहां पर ग्रामवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। तथा वहां उपस्थित मरीजों से नियमित जांच कराने तथा अन्य बीमारियों के होने पर सेहत सही लाभ कई कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए मरीजों से आग्रह किया कि कोई भी सामान्य




बीमारी होने पर उसके हल्के में न लें। इस अवसर पर रेडियो संदेश टीम की ओर से श्यामल मंडल, सारिका चौधरी, डॉ. शबनम कुरैशी आदि का सहयोग रहा।

# सुनीत गिरि के समर्थन में लामबंद हुए माध्यमिक शिक्षक

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर में हुई महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बरेली मुरादाबाद निर्वाचन खंड से शिक्षक विधायक हेतु डॉक्टर सुनीत गिरि के पक्ष में चुनाव अभियान का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ़ की अध्यक्षता तथा विनोद कुमार के संचालन में आयोजित संगठन की बैठक में जनपद भर से इकट्ठा हुए शिक्षकों ने सर्वसम्मति से सुनीत गिरि के चुनाव में सभी तरह से सहयोग करने की बात कही।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ व ज़िला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि सरकारों की एक ही नीति रही है कि शिक्षकों का आपस में टकराव कराओ तथा विधान परिषद के सभी पदों कब्ज़ा करो। उन्होंने कहा विगत दो चुनाव से निरंतर अलग-अलग राजनीतिक दल के प्रत्याशी शिक्षकों को भ्रमित कर सदन में अपना कब्जा जमा रहे हैं। ऐसे में समस्त शिक्षक समाज को एकजुट होकर अपने बीच के कर्मठ तथा जुझारू प्रत्याशी डॉक्टर सुनीत गिरि को चुनाव लड़ाना होगा और उन्हें सदन



में अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजना होगा। डॉ. सुनीत गिरि ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने सदैव शिक्षक समाज के लिए संघर्ष किया है और इस चुनाव में भी वे वित्त विहीन शिक्षकों के मुद्दे को सर्वोपरि रखकर मैदान में उत्तर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों को राजकोष से वेतन दिलवाना उनकी प्राथमिकता होगी जिससे कि वह उनके पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा प्राप्त कर पूर्ण वेतन के हकदार बन सकें।

वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक ने कहा कि बिजनौर जनपद से शिक्षक विधायक के चुनाव में सदैव निर्णायक भूमिका निभाता रहा है और इस बार भी बिजनौर जनपद से सुनीत गिरि के लिए समस्त शिक्षक समाज भारी संख्या में मतदान कर उन्हें सदन में भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक को ब्रजवीर सिंह, सुधांशु वत्स, विनीत त्यागी, डॉक्टर हरीश राजपूत, वीरेंद्र सिंह, अमनप्रीत कौर, महेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, हंसराज सिंह, रघुवीर सिंह, रविंद्र कुमार शर्मा आदि ने संबोधित किया।

# ना सफाई, ना पानी की निकासी...

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर से लगाई गुहार

**खासपुरा ( चिंगारी )।** नूरपुर ब्लॉक के गांव अथाई जमरूद्दीन गांव की मुख्य सड़क पर जलभराव और गंदगी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। बारिश के बाद सड़क पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गई है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है और ग्राम सचिव व संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। मजबूर होकर गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वीडियो बनाकर गुहार लगाई है और समस्या का तुरंत समाधान करने की मांग की है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।



# वाह रे वन विभाग

## माली ने रिश्वत लेकर पेड़ काटने की अनुमति दे दी



**स्योहारा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव रवाना शिकारपुर में बिना वैध अनुमति आम के पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। पेड़ काटने वाले ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि चांदपुर वन रेंज में कार्यरत एक माली ने स्वयं को डिप्टी रेंजर बताते हुए उससे 2,000 रूपये लेकर पेड़ काटने की अनुमति दी। शिकायत मिलने पर धामपुर वन रेंज के डिप्टी रेंजर विजय भारत मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।**

ठेकेदार मोनू के अनुसार रूपेंद्र सिंह सैनी नामक व्यक्ति ने पहले 2,500 रूपये मांग की थी। बाद में 2,000 रूपये लेकर कहा कि 1,000 रूपये पेड़ वह स्वयं रखेगा और 1,000 रूपये रेंजर को देगा। ठेकेदार का दावा है कि इसी कथित अनुमति के आधार पर पेड़ों की कटाई की गई। बताया जा रहा है कि रूपेंद्र सिंह सैनी चांदपुर वन रेंज में पौधशाला माली के पद पर कार्यरत हैं, जबकि घटना धामपुर वन रेंज के अधिकार क्षेत्र की है। सूचना मिलने पर पहुंचे डिप्टी रेंजर विजय भारत ने बताया कि मौके पर एक पेड़ पूरी तरह कटा मिला, जबकि दूसरे पेड़ की शाखाएं काटी गई थीं। उन्होंने वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि संबंधित कर्मचारी मौके पर गया था। उधर, जिला वन अधिकारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल अवैध कटान का मामला नहीं, बल्कि विभागीय जवाबदेही का भी गंभीर विषय है।

# रामा इंस्टीट्यूट में बीएससी बायोलॉजी एवं मैथ्स का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के बीएससी तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। बीएससी बायोलॉजी एवं मैथ्स के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया।



बायोलॉजी ग्रुप में फायजा ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रौनक ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, श्वेता ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मैथ्स ग्रुप में महक अब्बास ने प्रथम, अल्फिया ने द्वितीय व अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उप प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष पूजा पाल ने सभी सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है।

# भोले के भक्तों ने किया कांवड़ियों का स्वागत

**पैजनिया ( चिंगारी )।** हरिद्वार से जल लेकर कांवड़ यात्रियों के जनपद बुलंदशहर के जत्थे आने शुरू हो गए हैं। रविवार को स्थानीय चौराहे पर जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों के जत्थे का वहां मौजूद भोले के भक्तों ने स्वागत किया। इस दौरान पैजनिया पुलिस टीम अलर्ट मोड में दिखाई दी। हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी की टीम ने गांव भवानीपुर से लेकर तोहफापुर तक कांवड़ मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया। मार्ग के किनारे मांस की दुकानों को बंद कराकर सफाई कराई। साथ ही शराब की दुकानों पर पर्दे लगवाए।

# अवनी सिंह ने की जनसुनवाई




**नूरपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह शनिवार को खण्ड विकास कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान महिलाओं एवं आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत अवनी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात थाना नूरपुर एवं थाना शिवाला कलां का निरीक्षण कर महिला सुरक्षा, शिकायतों के निस्तारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। ग्राम शिवाला खुर्द में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक दी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विमल दुबे, महिला थानाध्यक्ष बिजनौर व चांदपुर, थानाध्यक्ष नूरपुर, थानाध्यक्ष शिवाला कलां, बीडीओ दिनेशपाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# फ़ैसल ज़ैदी बने युवा एकता सोसाइटी के अध्यक्ष

**स्योहारा ( चिंगारी )।** युवा एकता सोसाइटी की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रबंधक नासिर चौधरी की देखरेख में सर्वसम्मति से फ़ैसल ज़ैदी को अध्यक्ष जबकि आलम खान को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष फ़ैसल ज़ैदी ने कहा कि संस्था के साथियों ने जो जिम्मेदारी उनको दी गई है वह उसको बखूबी निभाएंगे और संस्था के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर डा. रोहित सैनी, इमरान अख्तर, ज़ीशान मिर्ज़ा, फ़ज़ल अंसारी, विशाल मन्नान, डा. तफ़्ज्जुल, सलीम कुरैशी, अकरम अंसारी, नजम सिद्दीक़ी, रेहान अब्बासी, डा. रिज़वान, डा. श्यामल विश्वास, फहीम अहमद आदि मौजूद रहे। बैठक का अध्यक्षता महफूज़ अली व संचालन शफीकुर्रहमान ने किया।



# समाज शास्त्र में हिमानी ने टॉप किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का एम.ए. (समाजशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें हिमानी ने 76.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, नूर सबा 67.4 प्रतिशत अकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कु आंचल रानी ने 67.3 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक जनाब मौहम्मद साइम राजा ने सभी सफ़ल विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राऐं आगे भी ऐसे ही सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करें। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. अनुज कुमार राजपूत ने भी सफल छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद दी।



# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने छात्र-छात्राओं सहित कारगिल के युद्ध में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि कारगिल में हुए भीषण युद्ध में भारतीय वीर योद्धाओं ने 26 जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय के अंतर्गत पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की और कहा कि देश की रक्षा में लगे वीरों के बलिदान स्वरूप आज हम अपने आप को भारत के अंदर सुरक्षित महसूस करते हैं। कार्तिक, निशा, दिवांग, अंजलि, मानवी, डिंपल, प्रीत अग्रवाल, साक्षी आदि भैया बहनों ने भी कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार रखे और बताया कि सेना हमारे देश की शान है। कार्यक्रम में उरेश कुमार, राजकुमार, खुशीराम सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, श्रीमती अरुणा देवी आदि की सहभागिता रही।



# ‘अंधभक्त’ बताने पर भड़के भाजपाई

## बोले- पुलिस करे आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई

**पैजनिया ( चिंगारी )।** छात्र आंदोलन के बाद एक युवक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अंध भक्तों की संज्ञा देते हुए चेतावनी भरे अंदाज में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की। जिसके वायरल होने पर गांव के हिंदूवादी संगठन के युवकों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए युवक पहले पुलिस चौकी पहुंचे, जहां सुनवाई न होने पर थाना प्रभारी को घटनाक्रम की सूचना दी। तथा ट्विटर एक्स पर पोस्ट करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में गांव के सिद्धांत त्यागी, हैप्पी त्यागी, अतुल त्यागी, हरीश शर्मा, हिमांशु त्यागी, विशेष त्यागी, नकुल त्यागी ने बताया कि गांव के ही राजन पुत्र मलखान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें छात्र आंदोलन के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का जिक्र करते हुए भाजपाइयों को अंधभक्तों की संज्ञा देकर उन्हें गंदी-गंदी गालियां दी हैं। उनका कहना है कि आरोपी युवक ने अपने एक अन्य साथी से मिलकर पिछले वर्ष रामलीला के दौरान भगवान श्री राम के बारे में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पोस्ट की थी। उस समय पुलिस ने इस युवक को चेतावनी देकर छोड़ दिया था। इसके अलावा इसी युवक ने कई आपत्तिजनक पोस्ट भाजपा नेताओं के विषय में भी की है। उन्होंने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में संज्ञान लेते हुए हैप्पी त्यागी की ओर से पूरे घटनाक्रम की डिटेल ट्विटर एक्स पर पोस्ट कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। आज सभी युवक एकत्र होकर पैजनिया पुलिस चौकी पहुंचे, जहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने चौकी में कोई वरिष्ठ अधिकारी न होने की बात कहते हुए थाने में तहरीर देने को कहा, जिस पर युवकों ने हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी को फोन पर मामले की जानकारी दी। हिंदूवादी संगठन के युवकों का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो वे पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग करेंगे। उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले की सूचना उन्हें फोन पर मिली है, तहरीर मिलने पर आरोपी युवक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घड़ीसाज हाफिज अब्दुल गफ्फार का इंतकाल

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर निवासी एडवोकेट अहमद अंसार व अब्दुल सत्तार अंसारी के वालिद हाफिज अब्दुल गफ्फार का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। रविवार को इशा की नमाज के बाद उन्हें दफनाया गया। वह नगर के जाने-माने घड़ीसाज थे। स्थानीय मुहल्ला सराय निवासी हाफिज अब्दुल गफ्फार (80 वर्ष) यहां जामा मस्जिद की दुकानों में घड़ीसाज की दुकान करते थे। वह नगर के जाने-माने होशियार घड़ी साज थे। हाफिज अब्दुल गफ्फार पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका बिजनौर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार को उनकी हालत बिगड़ने पर उनको मेरठ ले जाया गया। जहां उनका इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से परिजनों सहित नगर में शोक व्याप्त हो गया। हाफिज अब्दुल गफ्फार नेकदिल, मिलनसार व नमाजी परहेजगार इंसान थे। ईशा की नमाज के बाद उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे ए खाक किया गया। उनके जनाजे की नमाज में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।



फाइल फोटो

## भाग सिंह बने गुर्जर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ब्रजघाट के अमृत भवन में राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा ने एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गुर्जर समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाज सेवकों को ‘राष्ट्रीय गौरव सम्मान’ से सम्मानित किया गया तथा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गयी, जिसमें बिजनौर जनपद के कादराबाद निवासी श्री भाग सिंह को राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में रघुराज सिंह नागर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रमोद कसाना को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मा. राजपाल सिंह को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया।

## स्वस्थ नहटौर अभियान के तहत 208वां नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित



### 100 से अधिक लोगों की जांच की गई

**नहटौर ( चिंगारी )।** हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) द्वारा संचालित ‘स्वस्थ नहटौर’ अभियान के अंतर्गत इस सप्ताह 208वां नि:शुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श कैम्प सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कैम्प में 100 से अधिक लोगों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन (SpO2), पल्स तथा वज़न की नि:शुल्क जांच की गई। 208वां कैम्प मोहल्ला धर्मशाला स्थित प्राचीन मंदिर परिसर में नगर पालिका परिषद, नहटौर के वार्ड संख्या 3 के सभासद बिजेंद्र सिंह ‘बिट्टू’ तथा वार्ड संख्या 5 के सभासद संजय कुमार सैनी के सहयोग से आयोजित किया गया। जांच कराने वालों में लगभग 67 प्रतिशत महिलाएं तथा 33 प्रतिशत पुरुष थे। इनमें अधिकांश ऐसे ग़रीब एवं मेहनतकश परिवारों के लोग थे, जिनके लिए आर्थिक कारणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराना आसान नहीं होता। जांच के दौरान कई गंभीर मामले सामने आए। एक 62 वर्षीय महिला का फ़ास्टिंग ब्लड शुगर 384 mg/dL, एक 80 वर्षीय पुरुष का 388 mg/dL तथा एक 55 वर्षीय व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 209/130 mmHg और फ़ास्टिंग ब्लड शुगर 245 mg/dL पाया गया। इन सभी मरीज़ों को जांच रिपोर्ट के साथ तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने की सलाह दी गई, ताकि उन्हें नि:शुल्क चिकित्सा, दवाइयां और आगे का उपचार मिल सके। कैम्प के दौरान ग़िज़ाल मैहदी, अंकुर जैन तथा मेजर चरण सिंह शर्मा ने शुगर और ब्लड प्रेशर से प्रभावित लोगों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श दिया। उन्होंने नियमित जांच, संतुलित आहार, दवाइयों का नियमित सेवन, शारीरिक गतिविधि तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह ‘बिट्टू’, संजय कुमार सैनी, ग़िज़ाल मैहदी (सचिव, हैप्ट), मेजर चरण सिंह शर्मा, अंकुर जैन, सैयद महफ़ूज़ अली तथा वरिष्ठ हैल्थ वालंटियर फ़राज़ अहमद सहित अनेक हैल्थ वालंटियर उपस्थित रहे। कैम्प के सफल संचालन में फ़राज़ अहमद के नेतृत्व में मोहम्मद खिज़र, अब्दुल क़ादिर, अनम मलिक, तस्मिया फ़रीदी, उरूसा ज़ैदी, रिफ़ा मलिक, अदीबा अज़ीम, ज़िया अज़ीम एवं मोहम्मद नौमान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्कूल में हुई इन्वेस्टिचर सेरेमनी




**किरतपुर ( चिंगारी )।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, किरतपुर में छात्र परिषद ( 2026-27 ) के गठन के उपलक्ष्य में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल व एम. डी. दर्शित अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर तुषार को हेड बॉय तथा तूबा जमशेद को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर शपथ दिलाई। समारोह का संचालन विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं अनुशासित ढंग से किया गया।

## किरतपुर पालिका ने सफाई मित्रों को बांटे रेन सूट

### बारिश में मिलेगी बड़ी राहत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद किरतपुर परिसर में बारिश के मौसम को देखते हुए सफाई मित्रों की सुरक्षा और सुविधा हेतु रेन सूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं सभासदगणों ने संयुक्त रूप से सफाई कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण रेन सूट (किट) प्रदान किए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने में सफाई मित्रों का योगदान अतुलनीय है। मौसम चाहे जैसा भी हो, ये कर्मचारी दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने कहा कि सफाई



कर्मचारियों को कार्य के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिए पालिका प्रशासन लगातार प्रयासरत है और आगे भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर पालिका प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेन्द्र सिंह, व मनोनीत सभासद श्रीमती रजनी कालरा, गौरव पराशर, वार्ड सभासद कृष्ण राणा आदि ने भी सफाई कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की। पालिका के इस कल्याणकारी कार्य से सफाई कर्मचारियों में भारी उत्साह देखने को मिला।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह ने की जनसुनवाई

## पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन, उसके उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र व दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को विकास खंड के सभागार तथा समीप की ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़ के पंचायत सचिवालय में आयोग द्वारा जनसुनवाई की गयी। जस्टिस (न्यायमूर्ति) रामऔतार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत सदस्यों एवं अधिकारियों को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन, उसके उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। ब्लॉक के प्रशासक/ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह को अवगत कराया कि विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायतों में वर्ष 2026 के उपलब्ध सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार विकास खंड की कुल जनसंख्या 3,52,985 है। विकास खंड में कुल 131 ग्राम पंचायतें है। 131 ग्राम पंचायतों में कुल 131 निर्वाचित ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इसके अतिरिक्त 176 क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत सदस्य स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आयोग के सदस्यों द्वारा बताया गया कि नगरीय निकाय एवं स्थानीय ग्रामीण निकायों के चुनाव से पूर्व राजनीतिक आरक्षण की वर्तमान स्थिति तथा पिछड़ेपन के वास्तविक स्वरूप का आंकलन किया जाना आवश्यक है। जनसुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह ने उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित सामाजिक समस्याओं एवं जनसमस्याओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीण समाज में व्याप्त जनसमस्याओं को दूर करने के लिये जिला पंचायत सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये तथा कहा कि सामाजिक जागरूकता, जनसहभागिता एवं समन्वित प्रयासों के माध्यम से ही इन समस्याओं का प्रभावी उन्मूलन संभव है। उन्होंने आगे कहा कि आयोग का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों का संरक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीण निकायों में आरक्षण व्यवस्था को तथ्यपरक एवं न्यायसंगत बनाना है। समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त जिला जज बृजेश कुमार, सेवानिवृत्त एडीजे सन्तोष कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार चैरसिया, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एसपी सिंह, डीपीआरओ डॉ. प्रीतम सिंह, खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया, एडीओ (पंचायत) राकेश कुमार, ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव, निवर्तमान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित अन्य कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आमजन उपस्थित रहे।



जस्टिस आर ए सिंह का बुके भेंट कर स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल।

# सद्साहित्य भेंट किया, पौधारोपण किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद से संबद्ध गायत्री परिवार के 16 जनपदों के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ पर किया गया। कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। योगेंद्र गिरि व्यवस्थापक शांतिकुंज ने कहा कि संस्कारों की नीव पर खड़ा होता है महान जीवन। संपूर्ण भारत वर्ष को ही हमारे ऋषियों ने तीर्थ कहा है। गायत्री शक्तिपीठ जन जागरण का केन्द्र बने। आध्यात्मिक सेनेटेरियम के रूप में विकसित हो। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में शांतिकुंज की ही दिनचर्या रहती है। प्रतिदिन योग, यज्ञ, संस्कार, साधना, अनुष्ठान होते हैं। अत: शक्तिपीठ मिनी शांतिकुंज है। 16 जनपदों के जिला समन्वयक व ट्रस्टियो को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्टी का पद सम्मान नहीं, बल्कि सेवा व उत्तरदायित्व का है। योगेंद्र गिरि ने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग केवल इच्छाएं पूरी करने का साधन नहीं, बल्कि स्वयं को बदलने और महान बनाने की यात्रा है। समाज को बदलने की शक्ति संस्कार में है। शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि, उत्तर प्रदेश समन्वयक परमानंद द्विवेदी, शांतिकुंज भोजनालय प्रभारी जमनालाल विश्वकर्मा ने संबोधित किया। नजीबाबाद जोन समन्वयक अशोक सिंह, उपजोन समन्वयक उदय सिंह चौहान, जिला समन्वयक पुखराज सिंह, इंद्रदेव शर्मा, नरेश सैनी, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे। शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि ने शांतिकुंज भोजनालय में सहयोग करने वाले अन्नदाताओं को सम्मानित किया। गायत्री शक्तिपीठ युवा समिति को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉक्टर दीपक कुमार ने सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, संभल से आए गायत्री परिवार की जिला समन्वयकों को पीतवस्त्र व सद्साहित्य भेंट किया। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी व संरक्षक उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने आयोग के सदस्य आईएएस अधिकारियों एवं बिजनौर डीपीआरओ के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। माता भगवती देवी शर्मा स्मृति उपवन में योगेंद्र गिरी के साथ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिह व गणमान्य व्यक्तियों ने पौधा

# कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने को क्षेत्र के संभ्रात लोगों की बैठक ली गई

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने रविवार को थाने में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर चर्चा की तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। थाना प्रभारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट है। पुलिस क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रख रही है। कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे, लाइट, रूट डाइवर्ट प्लान, पुलिस ड्यूटी, साफ-सफाई आदि सभी तैयारी कर ली गई। कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान ना दें। किसी को शिविर लगाना है तो वह सभी समय से परमिशन करा लें। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी नसीम अंसारी आदि ने कांवड़ मार्ग पर आने वाली समस्याएं बताई। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने सभी समस्याओं को सुनकर दुर्घटना प्रभावित पॉइंट पर पुलिस ड्यूटी रहने की जानकारी दी। कांवड़ मार्ग पर पुलिस के साथ कांवड़ सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। इस मौके पर एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई सोनू कुमार, राकेश त्यागी, राजवीर सिंह, मुस्तफा मकरानी, इंजीनियर शादाब हैदर, लोकेंद्र सिंह, नईम अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।



# शिव कृपा से जीवन की बाधाएं दूर होकर सुख, शांति व समृद्धि का आगमन होता है

नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माने जाने वाले श्रावण मास की शुरुआत इस वर्ष 30 जुलाई 2026 से होने जा रही है, जो कि 28 अगस्त 2026 को पूर्ण होगा। पंडित मयंक भारद्वाज के अनुसार इस वर्ष श्रावण मास में कई अद्भुत व शुभ संयोग बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार सावन के पहले ही दिन एक अत्यंत शुभ व विशेष योग बन रहा है, जिसे शिववास योग कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ संयोग के दौरान भगवान शिव माता पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान रहते हैं। इस विशेष योग में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक करने से साधक को सौभाग्य, सुख-समृद्धि व मनचाहा वरदान प्राप्त होता है। श्रावण शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी नागपंचमी इस वर्ष 17 अगस्त, सोमवार को मनाई जाएगी। सावन सोमवार पर नागपंचमी का संयोग करीब 23 वर्ष पहले बना था। इससे पहले वर्ष 2003 में भी नागपंचमी सोमवार को पड़ी थी। अब लगभग 23 वर्ष बाद यह संयोग दोबारा बन रहा है, इसलिए तीसरे सोमवार का भी विशेष महत्व है। इस साल सावन के महीने में भक्तों को कुल 4 सोमवार मिलेंगे।पहला सावन सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा सोमवार 17 अगस्त, चौथा सावन सोमवार 24 अगस्त 2026 को पड़ेगा। श्रावण मास में विधि-विधान से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने, जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने तथा व्रत रखने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिव कृपा से जीवन की बाधाएं दूर होकर सुख, शांति व समृद्धि का आगमन होता है।

# वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सिन्हा सहित कई प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

## कारगिल विजय दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति व पूर्व सैनिक पर्यावरण संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर सम्मान समारोह व संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कक्कड़ एवं संचालन संयुक्त रूप से रविंद्र काकरान व मदन गोपाल टांक ने किया। मुख्य अतिथि हरपिंदर सिंह सेवानिवृत्त (नेवी) रहे। अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ व मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। शिक्षक डाल चंद ने सरस्वती वंदना व भजन सुनाए। जितेंद्र कक्कड़ ने भी दो भजन सुनाए। अनुष्का ने अपने गीत से श्रोताओं का मनमोह लिया। कवि कर्मवीर ने अपनी रचना सुनाई। श्रीमती ललित एवं ललित रंजन ने अपनी सहभागिता निभाई। स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम पेश किये। वंदना कोटनाला ने लोक गीत सुनाया। फौजी भाई मनोज, प्रो0 ज्योति मैडम ने गीत सुनाकर मन मोह लिया। वक्ता के रूप में विजय कुमार माहेश्वरी एड., लक्ष्मण सिंह बिष्ट, तेजबल त्यागी, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि ने




विचार रखते हुए फौजी परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में कारगिल विजय दिवस पर शहीद अमित कुमार की माता श्रीमती शशि देवी ग्राम गढ़वाला, शहीद मनोज कुमार के पिता होरी सिंह इस्सेपुर, नवोदय विद्यालय के शिक्षक डालचंद, स्कूल के बच्चों राघव, कार्तिक, राशि, आयुष, रितिका, आराध्या, प्राची, वासु, नगर के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सिन्हा को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर, पूर्व सैनिक पर्यावरण कल्याण समिति की अध्यक्ष निशा रानी, उपाध्यक्ष ममता काकरान, सचिव श्रीमती रचना शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर, रविंदर काकरान, मनोज प्रजापति को संयुक्त रूप से सम्मान पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, नरेश गोयल, अरुणा गोयल, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह, सुरेंद्र जेटली, संत कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद अग्रवाल (माऊ), बलबीर सिंह, सत्यप्रकाश मित्तल, डॉ. अशोक गहलोत, प्रदीप गुप्ता, राजीव गुप्ता, गवर लाल, मनमोहन सिंह, प्रमिला गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, इंदु गुप्ता, उपमंत्री ज्ञान चंद, सुमन वर्मा, रमेश वर्मा, अशोक सविता, प्रभात जाखेटिया, रिटायर प्रधानाचार्य अब्दुल सत्तार, मौ. इब्राहिम, संत कुमार अग्रवाल, केपी सिंह, रक्षपाल सिंह, श्याम सिंह राजपूत,सत्येंद्र गुप्ता, इंदु गुप्ता, सुप्रिया टांक, तरुण शंकर, पूजा शंकर, तेजपाल सिंह, एजाज अहमद, विश्वास द्विवेदी, विदाम विकास द्विवेदी, शादाब जफर, कुलदीप राजपूत, अनिल सक्सेना, सोनू आदित्य, बब्बन जैदी, कुंदन राजपूत, संदीप कौर, इकबाल अख्तर आदि मौजूद रहे।

# सिद्धबली मंदिर में सक्रिय दो शातिर महिला टप्पेबाज गिरफ्तार महिलाओं के गले से आभूषण करके पार हो जाती थीं फरार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने सिद्धबली मंदिर में सक्रिय दो शातिर महिला टप्पेबाजों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनसे चोरी की चेन व लाकेट बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। ये महिला टप्पेबाज भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से कीमती आभूषण चुरा लेती थी और फरार हो जाती थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई 2026 को वादिनी संगम प्रजापति, निवासी- मेरठ द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया कि वह अपने परिवार के साथ सिद्धबली कोटद्वार घूमने आयी थीं। दर्शन के दौरान उनके पीछे कुछ महिलाएं खड़ी थीं, जिन्होंने भीड़ का लाभ उठाकर उनके गले से मंगलसूत्र एवं लॉकेट चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर उनके द्वारा उक्त महिलाओं की काफी तलाश की गई, किन्तु उनका कोई पता नहीं चल सका। शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच आरंभ कर दी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित टीमों ने जांच आरंभ करते हुए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। साथ ही मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि घटना को अंजाम देने के पश्चात आरोपी महिलाएं जनपद बिजनौर की ओर चली गई थीं। इसके बाद पुलिस टीम ने लगातार आरोपी महिलाओं की गतिविधियों पर नजर रखनी आरंभ कर दी। इस दौरान 25 जुलाई 2026 को पुलिस को आरोपी महिलाओं के पुन: किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में सिद्धबली मंदिर क्षेत्र की ओर जाने की सूचना मिली। सूचना की पुष्टि एवं आवश्यक सत्यापन के उपरांत पुलिस टीम द्वारा गुलर पुल, कोटद्वार के पास से दोनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके पर उनके पास से सोने की एक चेन एवं एक लॉकेट बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी महिलाओं की पहचान पुष्पा रानी, पत्नी बृजपाल, निवासी- धनौरा जिला- अमरोहा (उत्तर प्रदेश) व सरोज, पत्नी महेश कुमार, निवासी- मौहम्मदपुर बछरायूं, जिला- अमरोहा (उत्तर प्रदेश) के तौर पर हुई।

आरोपी महिलाओं ने बताया कि वे मेले, धार्मिक आयोजनों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सक्रिय रहती हैं। किसी महिला के गले में कीमती आभूषण दिखाई देने पर उसका पीछा करती हैं तथा भीड़ और धक्का-मुक्की का फायदा उठाकर मौका मिलते ही उसके गले से चेन, मंगलसूत्र अथवा अन्य आभूषण चोरी कर लेती हैं। वारदात के बाद वे तुरंत भीड़ का लाभ उठाकर मौके से फरार हो जाती हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपी महिलाओं को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## श्री देव सुमन का पावन स्मरण

### 84 दिन तक भूख हड़ताल करके लोकतंत्र की नींव रखी : अनिता



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, टिहरी जनक्रांति के नायक, संघर्ष व बलिदान की प्रतिमूर्ति अमर शहीद श्रीदेव सुमन जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आईएसबीटी स्थित इंद्रमणि बडोनी कक्ष में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मेयर श्रीमती अनिता ममगाईं ने अमर शहीद श्रीदेव सुमन जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रीमती ममगाईं ने कहा कि श्रीदेव सुमन जी ने टिहरी रियासत के निरंकुश शासन के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देकर लोकतंत्र की नींव रखी। 84 दिन तक भूख हड़ताल कर उन्होंने जो अदम्य साहस दिखाया, वह उत्तराखंड के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। उनका बलिदान हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने और उत्तराखंड के स्वाभिमान की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।राज्य निर्माण सेनानी डी एस गुसांई ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम श्रीदेव सुमन जी के सपनों के उत्तराखंड के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें। इस अवसर पर गंभीर मेवाड़, बलवीर नेगी, अन्य बड़ी संख्या में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे। सभी ने अमर शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल के पिता स्व. मांगेराम अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के पिता श्री मांगेराम अग्रवाल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बालाजी फार्म, डोईवाला में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इसके पश्चात स्वर्गीय मांगेराम वाटिका में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान प्राप्त होने पर उन्हें पारंपरिक पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। भगत सिंह कोश्यारी ने

### पौधारोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वर्गीय मांगेराम अग्रवाल जी को कर्मयोगी बताते हुए कहा कि उनका समाज एवं राष्ट्र के प्रति योगदान अविस्मरणीय है। चिदानंद महाराज ने युवा पीढ़ी को स्व. मांगेराम अग्रवाल जी के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। डोईवाला नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने स्व. मांगेराम अग्रवाल जी के जीवन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने उन्हें सच्चे अर्थों में समाजसेवा का प्रतीक बताया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र तडियाल, समाजसेवी सुमित सेठी, गिरीश डोभाल, संगीता राणा प्रधान भट्टोवाला शबनम (प्रधान खेरी कला), सुषमा बिष्ट प्रधान असेना दीपक मेहर, मानवेंद्र कण्डारी, शैलेन्द्र रांगड़ प्रधान मोर सिंह असवाल प्रधान अनीता राणा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजेश जुगलान प्रधान गोपाल सती, राजबीर रावत, सुमित पंवार, विवेक शर्मा, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चमन पोखरियाल, रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पुनिता भंडारी, मनोज शर्मा उपप्रधान हरीपुर कला, विनोद भट्ट, दीपक बिष्ट, अनुष रावत, मुकेश डंगवाल, राम सिंह पंवार, अखिलेश मित्तल, संजीव पाल, आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी श्री देव सुमन का बलिदान दिवस मनाया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी श्री देव सुमन जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया उन्होंने शहीदों के बलिदान को अटल और प्रेरणादायक बताया तथा राष्ट्रीय एकता और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ऋषिकेश मेयर शंभू पासवान, ऋषिकेश मंडल उपाध्यक्ष दीपक बिष्ट, समाजसेवी गोपाल सती, जयपाल जाटव, सोनू पांडे सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता व गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने श्री देव सुमन के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और साहस को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र सचमुच प्रगति कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## जिला उद्योग केन्द्र द्वारा दिया जायेगा तीन माह का नि:शुल्क एडवांस डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आज के डिजिटल युग में युवाओं, उद्यमियों एवं व्यवसायियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए उन्हें स्वरोजगार और व्यवसाय विस्तार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिला उद्योग केन्द्र, कोटद्वार द्वारा तीन माह का नि:शुल्क एडवांस डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवीनतम डिजिटल मार्केटिंग तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपने उत्पादों एवं सेवाओं की प्रभावी ऑनलाइन ब्रांडिंग और विपणन कर सकेंगे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में एआई आधारित डिजिटल मार्केटिंग, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मार्केटिंग, गूगल एड्स एवं मेटा एड्स का संचालन, कैनवा के माध्यम से प्रोफेशनल ग्राफिक डिज़ाइन तैयार करना, एआई टूल्स की सहायता से कंटेंट, वीडियो एवं प्रेजेंटेशन बनाना, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, ईमेल मार्केटिंग, डिजिटल एनालिटिक्स तथा ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने की आधुनिक रणनीतियों का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त, 2026 निर्धारित की गई है, जबकि चयन के लिए 5 अगस्त, 2026 को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए स्नातक अथवा बेसिक आईटी ज्ञान रखने वाले, सोशल मीडिया का सामान्य ज्ञान रखने वाले तथा डिजिटल मार्केटिंग सीखने के इच्छुक युवा एवं उद्यमी आवेदन कर सकते हैं। बताया कि प्रशिक्षण के लिए केवल 25 अभ्यर्थियों का चयन मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## पीएचसी झण्डी चौड़ से स्थानांतरित हुए डॉ. मनोज कुमार, इलाज कराने रोगी जा रहे कोटद्वार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राय सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वरिष्ठ एलोपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार के नरेंद्रनगर स्थित उप जिला अस्पताल में स्थानांतरण के बाद वहां पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि उनके स्थान पर फिलहाल कलालघाटी के चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार को अस्पताल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है लेकिन दो अस्पतालों की जिम्मेदारी होने के कारण मरीजों को नियमित एलोपैथिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। रविवार को पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में केवल आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि बिष्ट की तैनाती है। ऐसे में मरीजों को करीब 15 किलोमीटर दूर बेस अस्पताल कोटद्वार जाना पड़ रहा है, जिसमें उनका धन और समय बर्बाद हो रहा है। मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार से जनहित में अस्पताल में शीघ्र स्थायी एलोपैथिक चिकित्सक की तैनाती की मांग की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जर्जर मकान की छत गिरने से तीन भाई-बहन घायल

## अधिशासी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मदद का आश्वासन दिया

स्योहारा (चिंगारी)। जर्जर मकान की छत गिरने से तीन भाई–बहन घायल हो गये। मकान स्वामी ने नगरपालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि तीन बार मकान का आवेदन करने पर भी प्रशासन की नींद नही टूटी। हालांकि अधिशासी अधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेकर मौके का मुआयना किया और जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया ।

मौहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी नंदराम का मकान जर्जर हालत में था। तीन बार नगर पालिका से मकान की गुहार लगाते हुए आनलाइन आवेदन किया । हर बार नंदराम को अपात्र बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया। लाचार बेबस नंदराम अपने जर्जर मकान में रहने को मजबूर हो गया और हर दिन रामभरोसे बीतने लगा। हर सुबह उठकर नंदराम भगवान का धन्यवाद करता कि मैं परिवार सहित सुरक्षित उठा हूँ। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों की लापहरवाही ने नंदराम पर दुखों का पहाड़ उस समय तोड़ दिया जब शुक्रवार की रात में उसकी छत गिर पड़ी और नीचे सो रहे उसके बेटे अनिल एंव सुनील तथा बेटी हृदेश घायल हो गये। आनन फानन मे अस्तपताल भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि तीनों भाई, बहन को ज्यादा चोट नहीं लगी।


जर्जर मकान का निरीक्षण करते हुए ईओ नगर पालिका।

उधर जब इस बात की भनक नगरपालिका को लगी तो अधिशासी अधिकारी, वार्ड सभासद, लेखपाल मौके पर जांच को पहुचें। आवेदन निरस्त करने वाले अधिनस्थों को अधिशासी अधिकारी ने फटकार भी लगाई। कल तक जो मकान अपात्र था वह छत गिरते ही पात्र हो गया।

अधिशासी अधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आवेदन की जांच करा कार्यवाही का अश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी ने हर संभव मदद करने की बात भी कही।

### ईओ ने कहा..

अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे थे और छत पर पानी भरने के कारण सरिया पर जंक आया, जिससे प्लास्तर गिरा है। आवेदन की जांच कराई जा रही है। उन्हें सलाह दी है कि उक्त मकान में ना रहें और नगरपालिका का हॉल खाली है वह वहां रह सकते हैं।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर